

# दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...








● नई दिल्ली | मंगलवार 08 अक्टूबर-2024 ● वर्ष : 8 अंक : 361 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







## सार्वजनिक पद पर 23 वर्ष पूरे होने पर पीएम ने जताया आभार

### कहा- और अधिक जोश के साथ अथक परिश्रम करूंगा



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सार्वजनिक पद पर 23 साल पूरे कर लिए हैं। 2001 में उन्होंने पहली बार गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। इस मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत तमाम बीजेपी नेताओं ने पीएम मोदी की तारीफ की है। वहीं, खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट करके सभी का आभार जताते हुए अपनी सार्वजनिक जीवन की यात्रा के बारे में बताया है। इस मौके पर पीएम मोदी ने देशवासियों को आश्वासन दिया कि वह और भी अधिक जोश के साथ अथक परिश्रम करते रहेंगे और तब तक आराम नहीं करेंगे, जब तक कि विकसित भारत का सामूहिक लक्ष्य पूरा नहीं हो जाता। उन्होंने कहा, पिछले कुछ वर्षों में बहुत कुछ हासिल किया गया है, लेकिन अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। पीएम मोदी ने कहा कि इन 23 वर्षों में मिली सीख ने उन्हें अग्रणी पहल करने में सक्षम बनाया, जिसने राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर प्रभाव डाला है। एक्स पर अपने पोस्ट में उन्होंने कहा, एक सरकार के मुखिया के रूप में मेरे 23 साल पूरे होने पर अपना आशीर्वाद और शुभकामनाएं भेजने वाले सभी लोगों का हार्दिक आभार। 7 अक्तूबर, 2001 को मैंने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में सेवा करने की जिम्मेदारी संभाली थी।

## कांग्रेस को नहीं है भाजपा के उम्मीदवार घोषित होने का इंतजार

### अधिसूचना जारी होते ही कांग्रेस उतार देगी चुनावी मैदान में अपना उम्मीदवार




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर सीट पर उपचुनाव होना है और इस उपचुनाव को लेकर सभी दल अपनी तैयारियों में लगे हैं। यहां बसपा ने अपने दलित कार्ड को वापस लेते हुए वैश्य कार्ड खेला है। कांग्रेस और भाजपा को उम्मीदवार घोषित करने हैं। समाजवादी पार्टी चुनावी रण में आएगी या गठबंधन धर्म निभाएगी इसपर फैसला होना है। भाजपा अपनी बूथ कमेटियों पर फोकस कर रही है तो कांग्रेस ने भी बूथ का मूलमंत्र पकड़ लिया है। पहली बार उसने विधानसभा चुनाव से पहले मेरा बूथ मेरा स्वाभिमान सम्मेलन आयोजन किया। शहर विधानसभा पर फोकस रखा। बूथ अध्यक्ष बुलाए। ऐसे में अब ये माना जा रहा था कि कांग्रेस यहां चुनावी गठबंधन में भाजपा पर नजर रख रही है। वो भाजपा के उम्मीदवार घोषित होने का इंतजार कर रही है। हो सकता है कांग्रेस की रणनीति समीकरण से समीकरण को काटने की हो, लेकिन सूत्र बताते हैं कि कांग्रेस जहां भाजपा के उम्मीदवार का नहीं बल्कि अधिसूचना जारी होने का इंतजार कर रही है। चुनावी अधिसूचना जारी होते ही कांग्रेस का उम्मीदवार घोषित हो जाएगा। कांग्रेस यहां चुनावी रण में उम्मीदवार को भी चुनाव के लिए पूरा वक्त देना चाहती है। कहते हैं अब कांग्रेस के दांवपेच पर नजर रहेगी। कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी ने उम्मीदवार को लेकर कहा कि नाम की घोषणा हाईकमान से होनी है और जो रणनीति कांग्रेस हाईकमान से बनेगी उन्हीं निदेर्शों पर चुनावी टीम काम करेगी, संगठन काम करेगा।

### 15 चेहरे हैं दावेदार और पैनल में पहुंचेंगे तीन नाम

**करंट क्राइम।** भाजपा में चुनाव लड़ने के लिए 56 दावेदारों का मेला है, लेकिन इस बार कांग्रेस में भी दावेदारों की एक भीड़ है। लगभग 15 दावेदार अभी तक सामने आ चुके हैं। 15 दावेदारों ने अपना बायोडाटा चुनावी पर्यवेक्षक को दिया है और सूत्र बताते हैं कि इनमें से 12 दावेदारों के नाम कट जाने हैं। क्योंकि कांग्रेस की परंपरा के अनुसार महानगर संगठन से जो पैनल में नाम जाएंगे उसमें तीन नाम जाएंगे। अब ये देखना होगा कि संगठन वाले तीन नामों में कौन स्थान बना पायेगा। क्योंकि महानगर भी अपने नामों के साथ कारण लिखेगा और फिर ये नाम कांग्रेस हाईकमान से फाइनल होंगे।

### टिकट फैसले पर किसकी राय रहेगी सबसे भारी

**करंट क्राइम।** 15 दावेदार सामने आए हैं और सभी ने अपना बायोडाटा चुनावी पर्यवेक्षक को सौंपा है। सभी के अपने-अपने लखनऊ और दिल्ली कनेक्शन हैं। वहीं संगठन स्तर पर तीन नाम जाने हैं। यहां पर किस चेहरे की राय टिकट वितरण में सबसे भारी रहेगी इसको लेकर कांग्रेस में चर्चा है। क्योंकि पैनल के नाम ही राय मशविरे के बाद ही जाएगी और सूत्र बताते हैं कि यहां पर लोकसभा चुनाव लड़ चुकी डॉली शर्मा की राय वजन रखती है। वो एआईसीसी में हैं इसके अलावा महानगर अध्यक्ष की राय को भी प्रमुखता दी जाएगी और भी दो नाम यहां टिकट में अपना रोल निभाएंगे।

# यति नरसिंहानंद की रिहाई को लेकर पुलिस लाइन में हिंदू संगठनों का प्रदर्शन, पुलिस कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन



पैदल मार्च



प्रदर्शन




सौंपा ज्ञापन

## संत और सनातनी बोले 13 अक्टूबर को हो सकती है महापंचायत

गाजियाबाद, करंट क्राइम। डासना के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद की गिरफ्तारी और उनके बारे में कोई जानकारी पुलिस द्वारा न दिए जाने के विरोध और डासना देवी मंदिर पर हुए उपद्रव को लेकर सोमवार को हिंदू संगठनों का गुस्सा पुलिस लाइन में देखने को मिला। यहां बड़ी संख्या में हिंदूवादी संगठनों से जुड़े लोग और संत समाज से जुड़े प्रमुख चेहरे पहुंचे थे। साथ ही बड़ी संख्या में त्यागी समाज और यदि से जुड़े लोगों ने प्रदर्शन किया। पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने के साथ यति को रिहा करने की मांग की गई है। इस दौरान डा. उदिता त्यागी ने कहा है कि अगर 13 अक्टूबर तक यति महाराज के बारे में कोई जानकारी नहीं मिलती है तो हिंदू संगठन और साधु संत मिलकर एक महापंचायत करेंगे। इस दौरान हिंदू संगठनों के प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन भी सौंपा है। हिंदूवादी संगठनों के प्रदर्शन के मद्देनजर पुलिस कमिश्नर कार्यालय और पुलिस लाइन में बड़ी संख्या में पुलिस बल और पीएसी के जवानों की तैनाती की गई थी। इसके साथ ही यहां बैरिकेडिंग भी लगाई गई थी।

### हिंदू रक्षा दल से लेकर संतों तक ने दिए ज्ञापन, कहा हिंदुत्व को खतरा



**करंट क्राइम।** सोमवार को यति की रिहाई और डासना मदिंर की सुरक्षा को लेकर हिंदू रक्षा दल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र को पत्र लिखा है। इसमें डासना प्रकरण का हवाला देते हुए हिंदू धर्म पर खतरा और लगातार एक संप्रदाय विशेष के लोगों द्वारा ट्विटर और सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का विरोध किया गया है। इसके साथ ही अमर बलिदानी मेजर आशाराम त्यागी सेवा संस्थान के अध्यक्ष मुकेश त्यागी, नरेंद्र कांगड़ा अखिल भारतीय त्यागी ब्राह्मण सभा के जिला अध्यक्ष सुरेश त्यागी, त्यागी जागृति समाज समिति से प्रेमचंद त्यागी, मुरादनगर से सत्य त्यागी जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के अनिल चौधरी, महेश आहूजा, आस्था मां, चिरंजीव विहार से पार्षद मनोज त्यागी, भाजपा किसान मोर्चा कवि नगर मंडल के अध्यक्ष संदीप शर्मा, भानु प्रताप सिसोदिया, पड़ित अमरदत्त शर्मा, पुलकित महाराज, चेतना गुरु मां के साथ ही बड़ी संख्या में त्यागी समाज और यदि महाराज के अलग-अलग संगठनों से जुड़े पदाधिकारियों ने पुलिस कमिश्नर और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है।

### कई दिनों से सस्पेंस है बरकरार यति हिरासत में या गिरफ्तार



**करंट क्राइम।** सोमवार को हिंदूवादी संगठनों और डासना देवी मंदिर के महंत यति महाराज से जुड़े लोगों ने बड़ी संख्या में पुलिस लाइन में प्रदर्शन किया। इस दौरान ज्ञापन सौंपकर पुलिस कमिश्नर से मुलाकात की। सूत्रों से जानकारी के अनुसार डा. उदिता त्यागी द्वारा पुलिस अधिकारी से पूछा गया कि यति महाराज कहां है, तो पुलिस के अधिकारियों ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया है, ऐसा उदिता त्यागी का आरोप है। डा.उदिता त्यागी ने कहा कि पुलिस का कहना है कि यति महाराज कहां है यह नहीं पता, उधर हिंदूवादी संगठनों ने पुलिस कमिश्नर से मुलाकात करने के बाद कहा है कि अगर इस पूरे मामले में कोई हल जल्द ही नहीं निकलता है, तो वो 13 अक्टूबर को हिंदूवादी संगठन, संत समाज और त्यागी समाज एकजुट होकर एक बड़ी महापंचायत करेगा।

## विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने लिखा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र

### विपक्षी पार्टियों पर लगाए माहौल खराब करने के आरोप



**करंट क्राइम।** सोमवार को लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने डासना पीठ के यति नरसिंहांनद के मामले को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से महाराज की मौजूदगी में डासना में बड़ी संख्या में एक समुदाय विशेष के लोग जमा हुए थे और धर्मस्थल को टारगेट करने का प्रयास किया गया था यह ठीक नहीं है। उन्होंने कहा है कि इस पूरे मामले को लेकर पूरे प्रदेश में माहौल खराब करने की स्थिति बनाई जा रही है। इस पूरे षडयंत्र के पीछे समाजवादी पार्टी, कांग्रेस, एआईएमआईएम के तार जुड़े हुए हैं। इसके साथ ही विधायक लोनी ने प्रदेश सरकार के अधिकारियों और पुलिस को भी चेताया है कि डासना, हापुड़, सहारनपुर समेत कई स्थानों पर विरोध और माहौल खराब करने की साजिश रची जा रही है। इसी के साथ स्रीपर सेल के द्वारा इस पूरे मामले को अत्यधिक सोशल मीडिया पर वायरल किया जा रहा है। वहीं सनातन धर्म की आस्था को गहरी चोट भी पहुंचाई जा रही है। विधायक लोनी नंद किशोर गुर्जर ने फिर कहा है कि डासना सिर्फ एक मंदिर नहीं यह सभी सनातनियों की आस्था पर हमला करने का प्रयास किया गया है।

### वीडियो वायरल करने पर मोहम्मद जुबेर पर मुकदमा दर्ज



**करंट क्राइम।** यति नरसिंहानंद के वीडियो तोड़-मरोड़कर वायरल करने के आरोप में गाजियाबाद पुलिस ने मोहम्मद जुबैर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। एएलटी न्यूज के संचालक जुबैर के खिलाफ भाजपा महिला मोर्चा की नेता उदिता त्यागी ने केस दर्ज कराया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि मोहम्मद जुबैर ने यति नरसिंहानंद के बयानों और पुराने भाषणों की क्लिप को वायरल करके लोगों को भड़काया जिसके बाद डासना मंदिर पर भीड़ ने हमला किया। पिछले दिनों यति का एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें वह आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहे थे। वहीं लोनी में बुजुर्ग की दाढ़ी काटने के मामले में दो साल पहले भी मोहम्मद जुबैर के खिलाफ केस दर्ज हुआ था।

### पुलिस लाइन में नारेबाजी और हंगामेदार प्रदर्शन को लेकर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा



**करंट क्राइम।** सोमवार को हिंदूवादी संगठनों के साथ साधु, संत और त्यागी समाज के लोगों ने पुलिस लाइन में पुलिस कमिश्नर कार्यालय में प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने नारेबाजी और आक्रोषित भाषा का भी इस्तेमाल किया, जिसको लेकर पुलिस कमिश्नरेट के अंतर्गत आने वाले कवि नगर थाना पुलिस ने डेढ़ सौ से अधिक अज्ञात लोगों के खिलाफ अभद्र भाषा ,अशोभनीय टिप्पणी और पुलिस से नोंकझोंक करने के मामले में गंभीर धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# अगर ना हो मेले जाने का प्रोग्राम, तो घर में ही कर सकते हैं रावण के पुतले का काम तमाम

## बाजार में इस बार रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के पुतलों की बढ़ी है डिमांड

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दशहरे को अभी कई दिन शेष हैं लेकिन बाजारों में इस बार कई स्थानों पर रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के मिनी साइज पुतलों की बिक्री शुरू हो गई है। कमला नेहरू नगर मार्ग पर बीते कई दिनों से कारीगरों के छह परिवार रावण के अलग-अलग साइज के पुतले बनाने का काम कर रहे हैं। कारीगर बताते हैं कि पिछले साल उनके द्वारा केवल 200 पुतले बनाए गए थे, लेकिन इस बार उनको उम्मीद है कि लोग अपने घरों में अधिक रावण का वध करेंगे। रावण के साथ-साथ कुंभकरण और मेघनाथ के पुतले भी बनाए जा रहे हैं। कारीगर अमर ने बताया है कि यहां छह परिवार रहते हैं। सभी छह परिवारों को मिलाकर लगभग तीन दर्जन से अधिक लोग हैं। सभी लोग सुबह से लेकर शाम तक प्रतिदिन बड़ी संख्या में रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के पुतले बने रहे हैं। इन पुतलों की कीमत 500 से लेकर 5500 रुपये के बीच है। साथ ही जो लोग अधिक बड़े पुतलों की डिमांड करते हैं, उनको भी कीमत के अनुसार तैयार कर दिया जाता है।







### वेस्ट आइटम से तैयार करते हैं पुतले, कई दिनों तक की जाती है सजावट



**करंट क्राइम।** कारीगर अमर ने बताया है कि उनके साथ कई महिलाएं, युवतियां और बच्चे हैं जो रावण के पुतलों को बनाने का काम करते हैं। कोई बांस काटता है, तो कोई रंगीन पेपर की कटिंग करने में माहिर है। इसके साथ ही कोई रंग-बिरंगे रंगों से इन पुतलों को सजाने का काम करता है। तो छोटे बच्चे गोंद और फेविकोल से पानी की खाली बोतले बांस की खापच्ची और रंग-बिरंगे कागजों को लगाकर पुतलों को एक शक्ल देने का काम करते हैं। कारीगर ने बताया है कि पिछले साल लगभग 200 से ज्यादा पुतले रावण और अन्य किरदारों की बनाए गए थे लेकिन इस बार उनको उम्मीद है की डिमांड अधिक रहेगी। इसीलिए अभी से सैकड़ो की संख्या में रावण के पुतलों को बनाने का काम शुरू हो गया है। कारीगर ने बताया है कि इसमें पानी की खाली दो लीटर से लेकर छोटी बोतल, बांस, पुरानी रद्दी, पुरानी रुई व कपड़े के साथ ही आतिशबाजी का सामान ऑन डिमांड लगाया जाता है।

### स्कूल से लेकर सोसायटी और घरों में बढ़ गया है पुतला दहन कार्यक्रम

**करंट क्राइम।** दशहरे के दिन रामलीला मेलों में भीड़ बेहद अधिक रहती है। कई लोग भीड़ से बचने और परेशानी ना हो इसके लिए रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के पुतले को अपने स्कूलों, सोसाइटियों और घरों में ही दहन का कार्यक्रम करते हैं। इसके लिए बाजार में रेडीमेड रावण के अलग-अलग साइज के पुतले मिल रहे हैं। कमला नेहरू नगर मुख्य मार्ग के साथ ही गाजियाबाद में कई अन्य स्थानों पर भी रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के रेडीमेड पुतले बनाने का काम चल रहा है। यह रेडीमेड रावण के पुतले रंग-बिरंगे होने के साथ ही बेहद हल्के और कम कीमत में मिल जाते हैं। जिसके चलते लोग अपने दशहरे के पर्व को पूरे उमंग और उल्लास के साथ मनाने के लिए इन पुतलों का इस्तेमाल भी जमकर कर रहे हैं।

# प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न

## जनपद में स्वच्छता, सुन्दरता व स्वच्छ वातारण रखना हमारा जिम्मेदारी: प्रमुख सचिव



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में अमृत अभिजात, प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग/नोडल अधिकारी गाजियाबाद की अध्यक्षता में विकास कार्यों, जन शिकायतों एवं एनजीटी सहित अन्य प्रकरणों में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

**सामाजिक वानिकी प्रभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम के विजेता प्रतिभागियों को किया सम्मानित**

करंट क्राइम। प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग/नोडल अधिकारी गाजियाबाद द्वारा सामाजिक वानिकी प्रभाग, गाजियाबाद रेंज, गाजियाबाद द्वारा वन्य जीव प्राणी सप्ताह-2024 के मद्देनजर 01 अक्टूबर से 07 अक्टूबर तक सह अस्तित्व के माध्यम से वन्य जीव संरक्षण पर कविता लेखन एवं पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें कविता लेखन मे आराध्या शुक्ला डीपीएस सिद्धार्थ विहार प्रथम, प्रिशा सिंह चिकारा सिल्वर लाईन प्रेसटीज स्कूल द्वितीय, दिव्यांशी चौधरी इन्ग्राह्म इन्स्टीट्यूट तृतीय, शौबान शेख इन्ग्राह्म इन्स्टीट्यूट सांत्वना पुरस्कार एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में दीप सिमर कौर सेंट पॉल अकेडमी प्रथम, नव्या दुबे सेठ आनन्द राम जयपुरिया द्वितीय, परी निमिया इन्ग्राह्म इन्टर कॉलेज तृतीय व नेहा मदान व आदविक शर्मा सेठ आनन्द राम जयपुरिया को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

प्रमुख सचिव ने आरटीई एवं स्कूलों के कायाकल्पों के बारे में विस्तार से जानकारी ली, जिस पर उन्हें अवगत कराया गया कि आरटीई के तहत दाखिले कराये जा रहे हैं और जिन 6 स्कूलों द्वारा आरटीई के तहत दाखिले नहीं कराये गये, उनके खिलाफ सम्बंधित महानिदेशक को पत्र लिखकर उनकी मान्यता निरस्त करने के लिए पत्र प्रेषित किया गया है। उन्होंने कहा कि जनपद में बेसिक शिक्षा विभाग के 456 विद्यालय है जिनमें से 350 विद्यालयों का कार्याकल्प करवाया जा रहा हैं और शेष का भी जल्द करावाया जायेगा। उन्होंने ने कहा कि मुख्यमंत्री के मंशानुरूप सभी विद्यालयों का आधुनिकरण किया जाएं। उनमें पेयजल, शौचालयों, सफाई, कम्प्यूटर, स्मार्ट बोर्ड सहित अन्य आधुनिकरण वस्तुओं की पूर्ति की जाएं। इसके साथ ही शिक्षा को और बेहतर तरीके से पढ़ने-पढ़ाने हेतु विद्यालयों का समयानुसार निरीक्षण किया जाए। यह भी देखा कि बच्चे/अध्यापक की उपस्थिति कैसी है और रिजल्ट का परिणाम पहले की मुकाबले कितना अच्छा है। इसलिए उपस्थिति एवं परीक्षा परिणामों पर विशेष ध्यान दिया जाएं।

### उपवन योजना के प्रस्ताव एक सप्ताह में प्रस्तुत करने के दिये निर्देश

करंट क्राइम। प्रमुख सचिव ने कहा कि समस्त अधिशासी अधिकारियों को नगरों में उपवन योजना के प्रस्ताव एक सप्ताह में प्रस्तुत करें। उन्होने निकायों की वसूली कम होने पर अप्रसन्नता प्रकट करते हुए निकाय के निजी स्रोतो में वृद्धि करने तथा शत प्रतिशत वसूली करने का निर्देश दिये गये। बैठक में प्रमुख सचिव द्वारा अवगत कराया गया उन निकायों को 05 करोड रुपया अतिरिक्त अनुदान सरकार द्वारा दिया जायेगा जो 10 प्रतिशत अधिक राजस्व की वसूली करेंगे।

### खाद्य प्लांट व वृद्धा आश्रम हेतु रखा गया प्रस्ताव

करंट क्राइम। नगर आयुक्त ने गोबर से खाद्य बनाने के प्लांट लगाने का आवेदन किया गया। उन्होने बताया कि डेयरियों द्वारा गाय व भैंस का गोबर नालियों में बहाया जाता है जिससे कि नालियां बंद हो जाती हैं, यदि नगर निगम कूडें की तरह डेरियों से गोबर उठाये और उससे खाद्य बनाने तो उससे राजस्व को लाभ प्राप्त होगा। इसके साथ ही नगर आयुक्त ने कहा कि नगर निगम एक आधुनिक वृद्धा आश्रम बनाये तो उससे भी राजस्व को लाभ पहुंचेगा। प्रमुख सचिव ने कहा कि नगर निगम उक्त दोनों बिन्दुओं पर प्रस्ताव भेजे। प्रमुख सचिव द्वारा गड्ढा मुक्त सड़क अभियान के बारे में जानकारी ली, जिस पर विभागों द्वारा अवगत कराया गया कि 20 अक्टूबर से पूर्व ही जनपद की सड़कें गड्ढ़ामुक्त हो जायेगी।

### आईजीआरएस की शिकायतों का लिया संज्ञान

करंट क्राइम। प्रमुख सचिव द्वारा आईजीआरएस पर निस्तारित शिकायतों के असंतोषजनक फीडबैक आने पर उसका विवरण लिया। जिसमें उन्हें अवगत कराया गया कि उक्त 5 शिकायतों में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जा चुका है जिसमें से राजस्व, नगर निगम, जीडीए, पुलिस विभाग, नगर विकास की एक-एक शिकायतें थी।

बैठक में जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स, जीडीए सचिव राजेश सिंह, डीपीआरओ प्रदीप कुमार द्विवेदी, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह सहित सभी निकायों के ईओ/प्रतिनिधि व अन्य जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### पुष्प गुच्छ व गॉड ऑफ ऑनर देकर किया स्वागत



करंट क्राइम। बैठक से पूर्व कलेक्ट्रेट प्रांगण में पहुंचने पर जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, डीएफओ ईशा तिवारी सहित अन्य अधिकारियों द्वारा प्रमुख सचिव अमृत अभिजात को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागम किया गया। इसी क्रम में प्रमुख सचिव को गॉड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। तदोपरांत महात्मा गांधी सभागार में बैठक आहुत हुई।

# प्रमुख सचिव नगर विकास ने निगम के चल रहे प्रोजेक्ट का किया दौरा

## एबीसी सेंटर तथा टीएसटीपी का नवंबर में करना है शुभारंभ, कार्य की रफ्तार बढ़ाने के दिए निर्देश





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने गाजियाबाद के कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, वीसी गाजियाबाद विकास प्राधिकरण अतुल वत्स, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल व अन्य वरिष्ठ अधिकारी शिक्षा विभाग विद्युत विभाग पीडब्ल्यूडी विभाग तथा समस्त नगर पालिकाओं के अधिकारी उपस्थित रहे। प्रमुख सचिव द्वारा टैक्स वसूली को लेकर संबंधित विभागों को कड़े निर्देश जारी किए, जिसमें टैक्स वसूली की बढ़ोतरी से शहर विकास को जोड़ते हुए उपस्थित जनों को मोटिवेट भी किया। शहर के विकास संबंधित कई बिंदुओं पर अधिकारियों से चर्चा की जिसमें जन समस्याओं के निस्तारण हेतु गुणवत्ता पूर्वक मॉनिटरिंग पर जोर दिया गया। बेसिक शिक्षा स्कूलों को बढ़ावा देने के लिए भी निर्देश दिए गए। शहर में गोबर बैंक बनाने के लिए भी निर्देश दिए गए। डिजिटल लाइब्रेरी तथा वेंडिंग जोन पर बोल दिया गया। उपस्थित सभी विभागों को बैठक में विशेष रूप से गाजियाबाद को हरा भरा बनाए रखने के लिए ग्रीनरी को बढ़ावा देने के लिए मोटिवेट किया गया।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि प्रमुख सचिव, नगर विकास द्वारा कलेक्ट्रेट में हुई बैठक के उपरांत नगर निगम के चल रहे कार्यों को देखा गया। जिसमें प्रमुख रूप से एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर का निरीक्षण किया गया। मौके पर पहुंचकर कार्यदायी संस्था कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइनिंग सर्विसेज की टीम को कार्य रफ्तार से करने की निर्देश दिए। इसके उपरांत राज नगर एक्सटेंशन में बनाए जा रहे सीनियर सिटीजन केयर सेंटर का भी निरीक्षण किया गया। इंदिरापुरम में चल रही टीएसटीपी के कार्यों को भी देखा।

प्रमुख सचिव नगर विकास ने सभी अधिकारियों को अधिक से अधिक प्लांटेशन के प्रति जागरूक किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में, प्राइवेट प्रतिष्ठानों के क्षेत्र में तथा सरकारी चल रहे प्रोजेक्ट में भी प्लांटेशन का स्थान मुख्य रूप से रखा जाए। मियांवकी पद्धति से पौधारोपण किया जाए। उपवन की योजना को बढ़ावा मिले निर्देश दिए गए। मौके पर गाजियाबाद नगर निगम के मुख्य अभियंता निर्माण एनके चौधरी, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज, तथा जलकल विभाग की टीम से कामाख्या प्रसाद आनंद भी उपस्थित रहे।

## 18 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक आयोजित होगी दसवीं जिला बैडमिन्टन चैम्पियनशिप : ललित जायशवाल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद बैडमिन्टन एसोसियेशन के अध्यक्ष ललित जायसवाल ने निर्देशित किया कि जो खिलाडी इस चैम्पियनशिप में प्रतिभाग करेंगें। वहीं खिलाडी एक वर्ष के लिये रजिस्टर्ड माने जायेंगें तथा रजिस्टर्ड खिलाडियों को ही आगामी वर्ष में स्टेट चैम्पियनशिपए स्टेट मेजर टूनार्मेन्ट्सए आल इण्डिया टूनार्मेन्ट्स तथा नेशनल चैम्पियनशिप में प्रतिभाग करने हेतु प्राथमिकता दी जायेगी। सिंगल्स प्रतिभागियों का रिपोर्टिंग टाइम प्रात: 8 बजे तथा डबल्स का रिपोर्टिंग समय दोपहर 1 बजे होगा। वैटरन्स का सिंगल व डबल के लिये रिपोर्टिंग समय प्रात: 8 बजे ही होगा। एन्ट्री फार्म जमा करने के लिये गाजियाबाद में आकाश दीप स्पोर्ट्स रमतेरम रोड, कदम छाया सी.1 आर०डी०सी०, शहीद मैमोरियल एकेडमी सिहानी गाजियाबाद, वसुन्धरा में जी.स्पोर्ट्स मेवाड़ कॉलेज के सामने तथा मोदीनगर में एच०पी० बैडमिन्टन एकेडमी सेन्टर अधिकृत किये गये हैं। चैम्पियनशिप नाक आउट आधार पर फैदर सटल द्वारा आयोजित होगी तथा उ०प्र० बैडमिन्टन एसोसियेशन के नियमों के आधार पर संचालित की जायेगी। समस्त प्रतिभागियों को अधिकारिक प्रमाण पत्र दिये जायेंगें तथा समस्त आयु वर्गों के विजेताओं के लिये पुरूस्कार वितरण समारोह दिनांक 27 अक्टूबर को सांय 4 बजे होगा। अन्य किसी प्रकार की जानकारी हेतु सचिव के मो० नं0 9810417900 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# यति नरसिंहानंद के खिलाफ मुस्लिम समाज के लोगों ने तहसील पर किया प्रदर्शन

## उपजिलाधिकारी को सौपा ज्ञापन



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** यति नरसिंहानंद सरस्वती के बयान के विरोधरूकने का नाम नही लें रहा है। सोमवार को मोदीनगर तहसील में भी मुस्लिम समाज के लोगों ने जमकर प्रदर्शन करते हुये राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौपा। तहसील क्षेत्रान्तर्गत अनेक क्षेत्रों के सैकड़ों मुस्लिम समाज के लोग जमियत उलमा हिंद के तत्वाधान में एकजुट हो तहसील पंहुचे और नारेबाजी करते हुये राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम पूजा गुप्ता को सौपा। जमियत उलमा हिंद के जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद आरिफ चैधरी ने कहा कि डासना स्थित देवी मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद ने पैगम्बर की शान में अमर्यादित टिप्पणी की। जिससे समस्त मुस्लिम समाज की भावनाओं को ठेस पंहुची है।

साथ ही उनकी टिप्पणी देश की एकता और अखंडता पर भी प्रहार करती है। ज्ञापन में आरोपी के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की गई है।

# भारी मात्रा में अवैध पटाखे बरामद दो महिलाओं सहित 7 लोग गिरफ्तार पुलिस ने भजा जेल



**लोनी करंट क्राइम।** टीला मोड थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर फरुखनगर में एक दुकान के अंदर छापा मारकर भारी मात्रा में बने अधवने पटाखे बरामद हुए पटाखे बनाने के उपकरण भी बरामद हुए हैं। पटाखे बनाने वाले दो महिला एवं पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। अवैध पटाखे पुलिस ने कब्जे सातों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

एसीपी सलौनी अग्रवाल ने बताया कि 7 अक्टूबर की सबह लगभग 8:00 बजे पुलिस चेकिंग अभियान चला रही थी इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि फरुखनगर में एक दुकान के अंदर भारी मात्रा में बने अधवने अवैध पटाखो से भरे 11 कट्टे बरामद हुए हैं पटाखे बनाने वाले पांच अभियुक्त तथा दो महिलाएं अभियुक्ता गिरफ्तार की हैं अभी लगता से पूछताछ में उन्होंने अपने नाम समीर, आस मोहम्मद, मोहम्मद वसी, सुलेमान बताएं एवं दो महिला के नाम पुलिस ने ओपन नहीं किये है। पुलिस में वैधानिक फरवरी का सातों व्यक्तियों को अवैध पटाखों के साथ जेल भेज

## आदर्श रामलीला कमेटी भोपुरा: पांचवें दिन राम वनगमन देखकर भाव-विभोर हुए दर्शक





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** आदर्श रामलीला कमेटी भोपुरा में रामलीला का आगाज जिस उमंग और उत्साह के साथ हुआ, उसे दर्शकों ने सराहा। पहले दिन के प्रसंग से ही अयोध्या की रामलीला ने लोगों के दिलों जगह ही नहीं बनाई बल्कि उसे आत्मसात भी किया। भोपुरा की रामलीला के पांचवें दिन फिल्माए गए प्रसंग राम वनगमन के दृश्य देखकर लोग भाव-विभोर हो उठे। इसके अलावा सीता हरण, शूर्पणखा संवाद और रावण-गिद्धराज का युद्ध भी लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र रहा। कमेटी के अध्यक्ष ओमेन्द्र कसाना उर्फ डब्बी पहलवान व विनोद कसाना ने बताया कि रामलीला के पात्रों को जीवंत करने आए कलाकारों ने इसमें और जान फूंक दी है। कलाकार रामलीला करते समय ऐसा दर्शा रहे है कि लोग तालिया बजाकर कर कलाकारों का मनोबल बढ़ा रहे है। इस अवसर पर जयवीर कसाना, अशोक, धर्मपाल चंदेला, चमन कसाना, मनोज कसाना, अनिल दरोगा, जय कसाना, सुनील, परवेज मुखिया, चतुर सिंह, देवीराम आदि लोग मौजूद रहे।

# सभासदों ने बोर्ड बैठक का किया बाहिष्कार




**लोनी करंट क्राइम।** नगर पालिका बोर्ड के सभासदों ने पालिका अध्यक्ष पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए सोमवार को प्रस्तावित बोर्ड बैठक का बाहिष्कार कर दिया। सभासद दल के नेता रोहित भारद्वाज का कहना है कि सभी सभासदों ने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को लेकर अध्यक्ष महोदया से एक घंटा अलग से मीटिंग का समय मांगा था, लेकिन वह समय देकर भी नही पहुंची। जिसको लेकर सभी सभासद नाराज हो गए। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी के के मिश्रा ने बताया कि सोमवार को लोनी नगर पालिका बोर्ड की बैठक होनी थी।

### विकास कार्यो पर अलग से चर्चा करना चाहते थे सभासद

सभासद दल के नेता रोहित भारद्वाज ने बताया कि क्षेत्र में नगर पालिका द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों में ठेकेदार अपनी मनमानी और घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग कर रहे हैं। कई स्थानों पर विकास कार्य अधूरे छोड दिए है तथा बिल पूरा पास करा लिया है। सभासद इन्ही सभी समस्याओं को लेकर पालिका अध्यक्ष महोदया रंजीता धामा से अलग से बैठक करना चाहते थे। शनिवार को अध्यक्ष महोदया ने सोमवार बोर्ड बैठक से पहले सभासदों के साथ एक बजे से 2.30 बजे तक बैठक का समय दिया था, लेकिन वह 2.30 बजे सीधा बोर्ड बैठक में पहुंच गई। जिसको लेकर सभासद नाराज थे और बोर्ड बैठक का बाहिष्कार कर चले गए।

# गाजियाबाद के मंडलो के युवा मोर्चा ने चलाया सदस्यता अभियान






**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद महानगर अध्यक्ष युवा मोर्चा सचिन डेढ़ा के नेतृत्व में 6 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक मंडलो में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। महानगर अध्यक्ष युवा मोर्चा सचिन डेढा ने भाजपा सदस्यता अभियान के दूसरे चरण के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह 6 अक्टूबर से लेकर 15 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान महानगर के सभी विश्व मंडलों में सदस्यता कैंप चलाया जाएगा। उन्होंने कहा सदस्यता अभियान पार्टी का एक महत्वपूर्ण अभियान है और सभी कार्यकर्ता इसे गंभीरता से लेते हुए घर-घर जाकर सभी को सदस्यता ग्रहण करायें एवं केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियां को भी लोगों को बताएं।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ता सिर्फ सदस्य नहीं है, बल्कि कार्यकर्ता एक जीवंत एकाई है, एक विचारधारा का वाहक है, कार्य संस्कृति का पोषक है तथा सरकार और संगठन के बीच में कड़ी का काम करते है, जिसके कारण सरकार हमेशा जनता से जुड़ी रहती है। मीडिया प्रभारी अभिजीत मुखर्जी ने युवा मोर्चा सचिन डेढा के नेतृत्व अधिक सदस्यता चलाया जा रहा है जिसमे अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ना है। इस अवसर पर महानगर कोषाध्यक्ष युवा मोर्चा पुष्पेंद्र गुप्ता, खोड़ा मकनपुर मंडल अध्यक्ष पंकज लड्डू, खुदा मंडल अध्यक्ष अनुज कसाना, रोहित मिश्रा विनय गुप्ता आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एसआरएम में नए सितारों की खोज में स्वागतम-2024 का आयोजन



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी दिल्ली एनसीआर कैंपस में मिस्टर व मिस फ्रेशर्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी दिल्ली एनसीआर कैंपस में स्वागतम-2024 में मिस्टर व मिस फ्रेशर्स प्रतियोगिता में एक सकारात्मक और आध्यात्मिक माहौल में लाने का कार्य किया। दूसरे चरण में सुश्री इम्तिसांगला लॉन्ग्कुमर ने अपने संबोधन में सभी छात्रों, फैकल्टी व अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद, प्रतियोगिता का पहला राउंड शुरू हुआ, जिसने नए छात्रों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व को प्रदर्शित करने का एक शानदार मंच प्रदान किया। विभिन्न छात्र समूहों ने अपनी कलात्मक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। फामेर्सी के छात्रों द्वारा बीटबॉक्सिंग और नृत्य संगम का प्रदर्शन किया गया। बीबीए के छात्रों ने संगीत वाद्य प्रदर्शन से सभी को संगीत की दुनिया में खो जाने पर मजबूर कर दिया। प्रतियोगिता के दूसरे राउंड में प्रतियोगियों ने अपने कौशल और रचनात्मकता का परिचय दिया। प्रतियोगिता का तीसरा राउंड भी उत्साह के साथ आयोजित किया गया। जिसमें प्रतियोगियों ने और भी अधिक जोश के साथ भाग लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बीटेक छात्रों द्वारा नृत्य रास और बीबीए छात्रों द्वारा ताल तरंग का प्रदर्शन किया गया। मिस्टर और मिस फ्रेशर्स का चैथा और अंतिम राउंड संपन्न हुआए जिसने निर्णायकों को अंतिम निर्णय लेने की चुनौती दी और मिस्टर फ्रेशररू तनिष्क भटनागर, मिस फ्रेशर अंडरग्रेजुएट मुस्कान वर्मा, मिस फ्रेशर पीजी, अनुष्का शर्मा को विजेता घोषित किया गया। प्रतियोगिता की ताजपोशी ने विजेताओं को सम्मानित किया और समारोह में एक रोमांचक समापन की ओर कदम बढ़ाया। अंतः में सभी प्रतिभागियों और दर्शकों के लिए डीजे नाइट का आयोजन किया गया। जिसने कार्यक्रम को एक उत्साहपूर्ण और मनोरंजक समापन प्रदान किया। समारोह के समापन पर एसआरएमआईएसटी के निर्देशक डॉ0 एस विश्वनाथन, डीन डॉ0 आरपी महापात्रा, डीन साइंस एंड ह्यूमैनिटीज डॉ॰ नवीन अहलावत, डीन एफएमएस डॉ0 एनएम मिश्रा, डीन आईयूसी डॉ0 धौम्या भट्ट आदि मौजूद रहें।

# प्राचीन संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर धार्मिक रामलीला में कैकेयी ने श्री राम के लिए मांगा वनवास



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** प्राचीन संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर धार्मिक रामलीला समिति वसुंधरा द्वारा चल रही रामलीला में आज का आठवां मंचन बड़ा ही विचित्र रहा, जिसमें प्रभु श्री राम जी की वन यात्रा शामिल थी उसको देख श्रद्धालु भावुक हो गए। राजा दशरथ अपने दरबार में बैठे शीशे में अपना मुख देख रहे थे उन्हें अपने कानों के बाल सफेद नजर आए तो उन्होंने सोचा कि क्यों ना अब अपना राज पाठ अपने बड़े पुत्र राम को देकर वन में जाकर तपस्या करूं। इस विचार को लेकर गुरु वशिष्ट जी के पास गए और उन्होंने इस कार्य के लिए उनकी अनुमती मांगी और गुरु वशिष्ट जी ने अनुमति दे दी, प्रभु श्री राम को राजा बनता देख देवताओं में हलचल की स्थिति उत्पन्न हो गई' राजा बनाने के आदेश को देख मां केकई को यह सब अच्छा नहीं लगा और उन्होंने अपने पुत्र भरत को राजा बनाने का प्रस्ताव रख दिया और हट करने लगी और कोपभवन में जाकर रहने लगी, राजा दशरथ जी पहले से ही केकई के दो वरदानों में बंधे होने के कारण अपने बड़े पुत्र श्री राम को बन जाने का आदेश दे दिया और भरत को राजपाठ सौंप दिया।

इस अवसर पर रामलीला समिति के चेयरमैन पंडित नरेंद्र भारद्वाज, महेश भारद्वाज, सुशील उपाध्याय, सुरेंद्र भारद्वाज, मनोज भारद्वाज, इंद्रपाल प्रधान, नितिन यादव, गिरीश शर्मा, अमित किशोर, ऐम बी कौशिक, अमित भारद्वाज, अश्वनी कौशिक, सुमित भारद्वाज, राहुल राणा, प्रिंस भारद्वाज, शैलेंद्र शर्मा, विनोद एमजी, सोनू कल्याणी, सुरेंद्र शर्मा, अंकुश कौशिक, संध्या शर्मा, सविता त्रिपाठी, विजयलक्ष्मी जी, मास्टर जयकुमार, मोहन सिंह राणा, अनिल शर्मा, पंचम चौधरी, मोनू पंडित, जोराखंड यादव, वासुदेव शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## एग्जिट पोल ने दिखा दिया हरियाणा से भाजपा की विदाई तय है : मनीष सिसोदिया

**नई दिल्ली।** हरियाणा में 90 विधानसभा सीटों के लिए हुए विधानसभा चुनाव के बाद जारी एग्जिट पोल के पूवार्नुमानों में भाजपा राज्य में सत्ता गंवाती दिख रही है। आधा दर्जन से ज्यादा एग्जिट पोल में भाजपा को हैट्रिक से चूकते दिखाया गया है। वहीं, कांग्रेस को बहुमत का आंकड़ा दिया है। एग्जिट पोल के आंकड़ों से कांग्रेस और 'इंडिया' ब्लॉक में शामिल राजनीतिक दल खुश हैं। हालांकि, भाजपा को भरोसा है कि परिणाम उनके पक्ष में ही आएंगे, क्योंकि 'फिक्र अभी बाकी है'। दरअसल, 5 अक्टूबर को हरियाणा की 90 विधानसभा सीटों पर मतदान संपन्न होने के बाद 8 अक्टूबर को मतगणना होगी।

## बिहार में गाय को 'राज्यमाता' का दर्जा देने पर आजीवन सीएम बने रहेंगे नीतीश : कथावाचक अनिरुद्धाचार्य



**समस्तीपुर।** बिहार के समस्तीपुर में कथावाचक अनिरुद्धाचार्य ने गाय को राज्यमाता का दर्जा देने की मांग की और कहा कि यदि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ऐसा करते हैं तो वह आजीवन सीएम बने रहेंगे। दरअसल, 5 से 11 अक्टूबर तक बिहार के समस्तीपुर में कथावाचक अनिरुद्धाचार्य का कार्यक्रम निर्धारित है। कार्यक्रम में बिहार सरकार के जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान कथावाचक अनिरुद्धाचार्य ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को कथा कार्यक्रम में आने का न्योता देते हुए बड़ी मांग रखी। उन्होंने विजय कुमार चौधरी से कहा कि अगर बिहार में नीतीश कुमार बूचड़खाने को बंद कर देते हैं और गौ माता को राज्यमाता का दर्जा देते हैं, तो वह आजीवन मुख्यमंत्री बने रहेंगे। इस पर मंत्री ने कहा कि वह और उनकी सरकार गौ को माता मानती है। उन्होंने कहा कि वह उनका संदेश मुख्यमंत्री तक जरूर पहुंचाएंगे।

# स्वर्णकार बंधु एकता का परिचय दें विधायक



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** स्वर्णकार समाज मोदीनगर की ओर से एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के गठन के लिए केंद्रीय समिति का भी गठन किया गया।

केंद्रीय समिति के सभी पदाधिकारी को सिद्धार्थनगर शौहरतगढ़ विधानसभा के विधायक विनय वर्मा व आदित्य बिरला समूह के उच्च प्रबंधन व विशिष्ट अतिथि विनोद कुमार वर्मा ने कार्यकारिणी के सदस्यों को शपथ दिलाई। गोविन्दपुरी स्थित छाया पब्लिक स्कूल के सभागार में आयोजित हुये सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सिद्धार्थनगर शौहरतगढ़ विधानसभा के विधायक विनय वर्मा व आदित्य बिरला समूह के उच्च प्रबंधन विनोद कुमार वर्मा ने सर्वप्रथम कुलगुरु संत शिरोमणि नरहरी के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

बतौर मुख्य अतिथि विधायक विनय वर्मा ने कहा कि अब तक जितनी भी सरकारें आई, उन सभी ने सोनार जाति के साथ सौतेला व्यवहार किया। इसका मुख्य कारण हम लोगों का एकजुट न होना है। हमें एकजुट होकर ताकत दिखानी होगी। समाज के जुझारू युवाओं को आगे बढ़ाना होगा, ताकि विधानसभा और लोकसभा जैसी ऊंची पंचायतों में स्वर्णकार समाज की बात को प्रमुखता से रखा जा सके।

## खोया-पाया

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे 10वीं और 12वीं के सीबीएसई के अंक-पत्र और प्रमाण-पत्र वास्तव में खो गए हैं। जिनके अनुक्रमांक 10वीं रोल नंबर 8618430 (2018), 12वीं 14677888 (2020) है। किसी अन्य के द्वारा इनका प्रयोग अवैध होगा।

**देव भारद्वाज पुत्र श्री आलोक भारद्वाज**
**निवासी डी 4/25 कृष्णनगर दिल्ली**

## सार्वजनिक सूचना

### विषय : अभियुक्ता सत्यवीर के विरूद्ध धारा 82 आईपीसी की उदघोषणा के प्रकाशन के संबंध में

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि st 517 /2012 मुकदमा अपराध संख्या 65/12 धारा 302 आईपीसी बनाम सत्यवीर निवासी गांव मुकराडा थाना बाबूगढ़ जनपद हापुड़ गाजियाबाद जो अपने आप को गिरफ्तारी से बचा रहा है और माननीय न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी अधिपत्र जारी करने के बाद भी मान्य न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहा है इसीलिए अभियुक्त सत्यवीर के विरुद्ध धारा 82 सीआरपीसी की उद्घोषणा जारी की गई है अगर अभियुक्त नियत दिनांक 10 अक्टूबर 2024 से पूर्व माननीय न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायालय कोर्ट संख्या 13 गाजियाबाद में हाजिर नहीं होता तो अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी।

**अपर जिला एवं सत्र न्यायालय**
**कोर्ट संख्या,13 गाजियाबाद।**

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। मंगलवार 08 अक्टूबर-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित







नोट : दैनिक करंट कॉमिक की ये सीरीज पूरी तरह से हमारी कल्पना पर आधारित है। पोलिटिकल किरदारों के साथ लिए गए शब्द हमारी काल्पनिकता के आधार पर लिखे गए हैं।

# कितना माइलेज ले पाएगा वैश्य कार्ड के बसपा का हाथी वैश्य उम्मीदवार लाने के बाद कितने वोट डलेंगे यहां

**बसपा ने अपनी परंपरा के मुताबिक उम्मीदवार बदला। हवाला दिया गया कि पहले वाले पर मुकदमे दर्ज हैं इसलिए उसे हटाने में नहीं कोई हर्ज है।**



**बसपा ने पीएन गर्ग को उम्मीदवार बनाया है। पीएन गर्ग कांग्रेस से सपा में आए थे। मेयर चुनाव में उनकी पत्नी को सपा ने उम्मीदवार घोषित किया और फिर सिंबल देने के बाद वापस ले लिया। उसके बाद पीएन गर्ग सपा में नजर नहीं आए और अब वो चुनावी महावत बनकर मैदान में आ गए हैं।**



**वैश्य उम्मीदवार के रूप में पीएन गर्ग कितने वोट दलित समाज के ले पाएंगे और कितने वोट मुस्लिम समाज के प्राप्त होंगे। सबसे बड़ी बात ये है कि उन्हें अपने समाज के कितने वोट मिलेंगे।**

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बसपा ने अपनी परंपरा के मुताबिक उम्मीदवार बदला। हवाला दिया गया कि पहले वाले मुकदमे दर्ज हैं इसलिए उसे हटाने में नहीं कोई हर्ज है।

सूत्र बताते हैं कि बसपा ने समाजवादी बागी चेहरे को नीला महावत बनाया है। उन्होंने पीएन गर्ग को उम्मीदवार बनाया है। पीएन गर्ग कांग्रेस से सपा में आए थे। मेयर चुनाव में उनकी पत्नी को सपा ने उम्मीदवार घोषित किया और फिर सिंबल देने के बाद वापस ले लिया। उसके बाद पीएन गर्ग सपा में नजर नहीं आए और अब वो चुनावी महावत बनकर मैदान में आ गए हैं। सवाल यही है कि बसपा का ये वैश्य कार्ड उसके हाथी को कितना माइलेज दे पाएगा।

वैश्य उम्मीदवार के रूप में पीएन गर्ग कितने वोट दलित समाज के ले पाएंगे और कितने वोट मुस्लिम समाज के प्राप्त होंगे।

सबसे बड़ी बात ये है कि उन्हें अपने समाज के कितने वोट मिलेंगे। क्योंकि यहां वैश्य उम्मीदवार के रूप में भाजपा के सामने सुरेश बंसल चुनाव हार गए थे। कांग्रेस के सुरेंद्र गोयल चुनाव हार गए थे और अब पीएन गर्ग आए हैं। उनका यह पहला चुनाव है। लिहाजा उन्हें अतिरिक्त मेहनत करनी होगी।

## संपादकीय

# पत्रकारिता पर सुप्रीम टिप्पणी

सर्वोच्च न्यायालय की यह टिप्पणी पत्रकारिता कर रहे लोगों के लिए सुकूनदेह हो सकती है कि सरकार की आलोचना करना पत्रकारों का अधिकार है। हालांकि देखने की बात है कि सरकारें इस बात को कहां तक स्वीकार कर पाती हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने यह टिप्पणी उत्तर प्रदेश के एक पत्रकार के खिलाफ दायर मुकदमे की सुनवाई करते हुए की। इस संबंध में अदालत ने संविधान के अभिव्यक्ति की आजादी से जुड़े अनुच्छेद की याद भी दिलाई और पत्रकार को गिरफ्तारी से संरक्षण प्रदान कर दिया।

दरअसल, सरकारों को अपनी आलोचना कभी रास नहीं आती, मगर पिछले कुछ वर्षों में सरकारें इसे लेकर प्रकट रूप में सख्त नजर आने लगी हैं। सरकार के खिलाफ अखबारों में खबरें, लेख या कोई वैचारिक टिप्पणी करने पर कई पत्रकारों को प्रताड़ित करने की घटनाएं देखी गई हैं। यहां तक कि कुछ पत्रकारों पर गैरकानूनी गतिविधि निवारण अधिनियम के तहत भी मुकदमे दर्ज किए गए, जिसमें जमानत मिलनी मुश्किल होती है। इस धारा के तहत कई पत्रकार अब भी सलाखों के पीछे हैं। कुछ मामलों में पहले भी सर्वोच्च न्यायालय कह चुका है कि सरकार की आलोचना देशद्रोह नहीं माना जा सकता। मगर किसी सरकार ने उसे गंभीरता से नहीं लिया।

कुछ राज्यों में ऐसे भी उदाहरण हैं, जब सरकार की किसी नीति या फैसले की आलोचना करने पर पत्रकारों को पकड़ कर थाने में बंद किया गया और उनके साथ मारपीट की गई। दरअसल, इस तरह की कोशिशें सच्चाई को सामने लाने से रोकने के लिए की जाती हैं। जबकि स्वस्थ लोकतंत्र का तकाजा है कि पत्रकारीय आलोचना को प्रोत्साहित किया जाए। इससे सरकारों को अपनी नीतियों के निर्धारण, योजनाओं के संचालन आदि में सुधार करने का अवसर मिलता है। आलोचना को रोक कर गलत नीतियों को चलाते रहना एक तरह से लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बाधित करने का प्रयास ही होता है।

आलोचना का अर्थ निंदा करना नहीं हालांकि आलोचना का अर्थ हर समय निंदा करना नहीं होता। किसी भी मुद्दे के पक्ष और विपक्ष का तार्किक विश्लेषण करना होता है। पत्रकारिता यही करती है। वह लोकहित में सरकार को कदम उठाने का रास्ता सुझाती रहती है, इसीलिए उसकी विश्वसनीयता होती है। मगर सरकारें जब उसके मूल स्वभाव को ही बदलने का प्रयास करती हैं, तो उसकी विश्वसनीयता पर प्रहार करती हैं। ऐसे में पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ न होकर प्रचारतंत्र में तब्दील होने लगती है। किसी देश की पत्रकारिता कितनी स्वतंत्र है और कितने साहस के साथ अपने सत्ता प्रतिष्ठान की आलोचना कर पा रही है, इससे उस देश की खुशहाली का भी पता चलता है। यह अकारण नहीं है कि पिछले कुछ वर्षों में विश्व खुशहाली सूचकांक में भारत निरंतर नीचे खिसकता गया है। इसलिए कि खुशहाली नापने के पैमाने में एक बिंदु अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का भी होता है। इसे विडंबना ही कहेंगे कि कोई देश अपनी आर्थिक तरक्की का तूमार तो खूब बांध ले, पर खुशहाली के मानकों पर गरीब कहे जाने वाले देशों से भी पीछे नजर आए।

पत्रकारिता आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक विसंगतियों को दूर करने में मदद करती है। उसका लाभ उठाने के बजाय अगर उसका गला घोटने का प्रयास होगा, तो सही अर्थों में विकास का दावा नहीं किया जा सकता। अगर कोई सरकार सचमुच उदारवादी और लोकतांत्रिक होगी, तो वह आलोचना से कुछ सीखने का प्रयास करेगी।

# बेसिक कोर्स स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन प्रशिक्षण शिविर के मेरे सात दिन

गाजियबाद (करंटक्राइम)। शम्भु दयाल इंटर कॉलेज, गाज़ियाबाद में आयोजित स्काउट मास्टर / गाइड कैप्टन प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभाग करने का मुझे भी अवसर मिला और इस शिविर में मैंने सहर्ष प्रतिभाग किया। यह शिविर सात दिवसीय था। इस शिविर में गाजियाबाद जिले के विभिन्न विद्यालयों के 47 शिक्षक/शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। इस शिविर में प्रशिक्षण का कार्य एलओसी गाइड (किरण शर्मा) तथा एलओसी स्काउट (प्रकाश) द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में सहायक प्रदेशिक संगठन आयुक्त मेरठ, सहारनपुर मंडल (मयंक शर्मा), जिला मुख्य आयुक्त, गाजियाबाद (देवेंद्र कुमार), जिला संगठन आयुक्त स्काउट, गाजियाबाद (श्याम सिंह), जिला संगठन आयुक्त गाइड, गाजियाबाद (रिंकू तोमर) उपस्थित रहे।

### टीम वर्क इसकी आत्मा है!

सर्वप्रथम इस संस्था का मूल उद्देश्य क्या है? यह जानना बहुत आवश्यक है। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स युवाओं के लिए एक शैक्षिक, गैर-राजनीतिक शैक्षिक आंदोलन है, जो बिना किसी मूल, जाति या पंथ के भेदभाव के सभी के लिए खुला है। इस आंदोलन का उद्देश्य युवाओं के विकास में योगदान देना है, ताकि वे एक व्यक्ति, एक जिम्मेदार नागरिक तथा स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सदस्य के रूप में अपनी पूर्ण शारीरिक, बौद्धिक, भावनात्मक, सामाजिक और आध्यात्मिक क्षमताओं को प्राप्त कर सके। इसका प्रमुख उद्देश्य मानव जाति की सेवा तथा प्रकृति के संरक्षण के लिए 'सदैव तैयार' रहना है। इसी भावना के साथ भारत स्काउट/गाइड संस्था द्वारा विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया जाता है। विद्यालय में किसी भी प्रकार की गतिविधियों में विद्यार्थियों के साथ शिक्षक/शिक्षिकाओं की भी अहम भूमिका होती है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए, भारत स्काउट/गाइड संस्था द्वारा शिक्षक/शिक्षिकाओं को यह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शिविर का उद्देश्य यही है कि यदि शिक्षक/शिक्षिकाएं प्रशिक्षित होंगे, तो स्काउट/गाइड संस्था द्वारा कराई जाने वाली विभिन्न गतिविधियों और इसकी मूल भावना को विधिपूर्वक एवं सुगमता से विकसित किया जा सकेगा। 30 अक्टूबर, प्रात: 9.00




बजे मैंने आवश्यक सामग्री लेकर कार्यमुक्ति प्रमाण पत्र के साथ शम्भू दयाल इंटर कॉलेज की ओर प्रस्थान किया। प्रात: 9.30 बजे शिविर स्थल पर पहुंच गई। इस शिविर में मुझे अनेक नये अनुभवों के साथ प्रशिक्षण गतिविधियों में ज्ञानार्जन हुआ। अब मैं दिवस वार प्रशिक्षण शिविर के अपने अनुभव साझा करती हूं।

**प्रथम दिवस :** प्रथम दिवस में सभी प्रतिभागी प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित हुए। सर्वप्रथम सभी प्रतिभागियों का रजिस्ट्रेशन कराया गया, उसके उपरांत कार्यक्रम की ओपनिंग सेरेमनी की गई, जिसमें स्काउट/गाइड झंडा फहराया गया। जहां प्रशिक्षण शिविर के माननीय पदाधिकारियों तथा प्रतिभागियों द्वारा प्रार्थना, झंडा गीत किया गया। इसके बाद सभी हाल में एकत्र हुए, वहां सभी का सामान्य परिचय कराया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालय से आए हुए सभी शिक्षक/शिक्षिकाओं ने अपना परिचय दिया। उसके बाद लंच ब्रेक हुआ जिसमें सभी ने भोजन किया। इसके उपरांत सत्र प्रारंभ हुआ। सत्र के प्रारंभ में स्काउट गाइड कार्यक्रम से संबंधित सामान्य जानकारी दी गई। जिसमें मुख्य रूप से अनुशासन में रहना तथा शिविर के नियमों का पालन करना आदि बातों से अवगत कराया गया। सभी प्रतिभागियों को एक-एक टोली वार बिठाया गया। जिसमें एक-एक सदस्य को टोली नायक बनाया गया। टोली निर्माण की व्यवस्था को भी समझाया गया कि हम किस तरह टोली का निर्माण कर सकते हैं। और एक टीम में सभी का सहयोग करते हुए टीमवर्क कैसे किया जा सकता है। जिसके द्वारा हम अपने टास्क को आसानी से पूर्ण कर सकते हैं। किरण शर्मा मैम द्वारा निर्देश मिला कि इस प्रशिक्षण से संबंधित सभी जानकारी को एकत्र कर, एक नोटस के रूप में तैयार किए जाएं।

**दूसरे व तीसरा दिवस का प्रारंभ वीपी**-6 व्यायाम से प्रारंभ होता है, उसके बाद प्रार्थना, झंडा फहराना और झंडा गीत आदि क्रियाएं की जाती हैं। झंडे को पॉल में बांधना व उतारना भी सिखाया। इसके बाद सत्र प्रारंभ हुआ, जिसमें हमें विभिन्न प्रकार की तालियां बजाना एवं स्काउट गाइड के आंदोलन से संबंधित विभिन्न जानकारी दी गई। कार्यकारिणी का गठन एवं स्काउट गाइड के झंडों के प्रकार व झंडे की लंबाई-चौड़ाई की माप के विषय से अवगत कराया।

**चौथे दिवस का प्रारंभ भी वीपी**-6 व्यायाम, प्रार्थना, झंडा फहराना और झंडा गीत आदि क्रियाओ से हुआ। इस सत्र में हमें प्रथम सोपान की गांठे जैसे डॉक्टरी गांठ, जुलाहा गांठ, ध्रुव गांठ, घूंठा फांस गांठ, लघु कर गांठ, मछुआ गांठ को बांधना सिखाया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने आनंदपूर्वक गांठे बांधना सीखा। इन कांटों का हम किस प्रकार उपयोग कर सकते हैं, यह भी बताया गया। इसके बाद शाम के सत्र में कैंप फायर का कार्यक्रम आयोजित किया गया, कैंप फायर में सभी टोली-वार अपनी प्रस्तुति प्रस्तुत करते हैं। सभी टोलियों ने देशभक्ति गीत के साथ अपनी मनमोहक प्रस्तुति प्रस्तुत की। पांचवे दिवस के सत्र का प्रारंभ नित्य गतिविधियों से किया गया। इस दिवस के कार्यक्रम में बीएसए और डीआईओएस साहब पधारे। उनका स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया गया और दोनों प्रशासनिक अधिकारियों ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किया, जिसमें उनके द्वारा बताया गया कि मानवता की सेवा भावना का विकसित होना, कितना आवश्यक है। और यह कार्य विद्यार्थी जीवन में ही किया जाए तो बेहतर होता है। क्योंकि बाल मन में जैसे विचार बोये जाते हैं, वैसा ही वृक्ष विकसित होता है। इन्हीं विचारों के साथ हमारा सकारात्मक मार्गदर्शन किया।

**छठे दिवस में हमने टोली**-वार टेंट का निर्माण किया, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने टेंट की सुंदर प्रस्तुति के लिए एक-दूसरे का सहयोग करते हुए टीमवर्क किया। इसमें मुझे समझ आया कि टीम के साथ कोई भी कार्य सरलता और सहजता से पूर्ण किया जा सकता है। इसके उपरांत शाम के सत्र में कैंप फायर का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने टोली-वार अपनी प्रस्तुति प्रस्तुत की, साथ ही पदाधिकारी ने भी अपनी प्रस्तुति दी। सातवें दिवस में सर्वप्रथम दीक्षा संस्कार किया गया, जिसमें सभी कर सर्व धर्म प्रार्थना की गई। जो हमें सिखाता है कि सभी धार्मिक समान है, किसी में कोई भेदभाव नहीं है। इसके उपरांत स्काउट गाइड झंडा फहराया और सभी प्रतिभागियों ने प्रतिज्ञा ली तथा किरण शर्मा मैम द्वारा सभी गाइड बहनों को तिलक लगाकर स्कार्फ पहनाया और मिठाई खिलाई। स्काउट भाइयों को श्री प्रकाश सर ने तिलक लगाकर स्कार्फ पहनाया और मिठाई खिलाई। सभी ने एक-दूसरे को सैल्यूट कर बायां हाथ मिलाया। इसके उपरांत सभी प्रतिभागियों ने शिविर प्रशिक्षण पूर्णता का पत्र प्राप्त कर तदुपरांत अपने घरों की ओर प्रस्थान किया। इस **सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर** में जाने से पहले मुझे ऐसा लग रहा था कि मैं 7 दिवसीय शिविर में कैसे कार्य कर पाऊंगी या कैसे व्यक्तियों से भेंट होगी। लेकिन मुझे यहां सकारात्मक अनुभव मिले। विभिन्न स्कूलों से आए हुए शिक्षक / शिक्षिकाओं से परिचय हुआ, उनके विचार जानने का अवसर मिला। कुछ से मित्रता भी हुई। स्काउट/गाइड संस्था के विषय में जानने का भी अवसर मिला। इसके झंडे की भी अपनी गरिमा है, तथा तीन प्रतिज्ञा और नियम भी अपने में बहुत कुछ समाय हुए हैं। बायां हाथ मिलाना के पीछे की कहानी भी जानी की, दो बहादुर व्यक्ति बायां हाथ मिलाते हैं। इसका भी प्रशिक्षण के दिया गया। एक समूह या टीम में रहकर किस तरह अपने टास्क को पूर्ण किया जा सकता है। इस शिविर में प्रशिक्षण के बाद मुझ में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ है और मैं भी सदैव मानवता की सेवा, प्रकृति संरक्षण और देश की सुरक्षा के लिए सदैव तैयार रहूंगी। तथा अपने विद्यालय के विद्यार्थियों में भी स्काउट/ गाइड के मूल सिद्धांतों को विकसित करने का पूर्ण प्रयास करूंगी।

**कोमल त्यागी (वाणिज्य प्रवक्ता)**
**महर्षि दयानंद विद्यापीठ इंटरमीडिएट कॉलेज**

## राशिफल

**मेष :** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद से क्लेश हो सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। गृहिणियां विशेष सावधानी रखें।

**वृष :** अविवाहितों के लिए वैवाहिक प्रस्ताव आ सकता है। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मिथुन :** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शत्रुता में वृद्धि हो सकती है। भूमि व भवन के खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। बड़ा लाभ के योग हैं।

**कर्क :** धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

**सिंह :** पुराने शत्रु सक्रिय रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। दु :खद समाचार प्राप्त हो सकता है, धैर्य रखें।

**कन्या :** परिवार के छोटे सदस्यों के अध्ययन तथा स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। लापरवाही न करें। थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होगी।

**तुला :** थकान महसूस होगी। शारीरिक आराम की आवश्यकता रहेगी। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**वृश्चिक :** शरीर साथ नहीं देगा। स्वास्?थ्य का ध्यान रखें। उत्साह बढ़ेगा। कार्य की बाधा दूर होकर स्थिति लाभप्रद रहेगी।

**धनु :** प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। पुराना रोग उभर सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में अधिकारी की अपेक्षाएं बढ़ेगी।

**मकर :** कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि नीचा देखना पड़े। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास मनोनुकूल रहेंगे।

**कुंभ :** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होगी। योजना में परिवर्तन हो सकता है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**मीन :** अनहोनी की आशंका रहेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी धार्मिक आयोजन में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

## चुटकुले

रिंकू- भाई मेरी बीवी बहुत ज्यादा गुस्सा करती है,
पिंकू- मेरी भी पहले करती थी लेकिन अब नहीं करती।
रिंकू- तुमने गुस्सा कैसे कम किया?
पिंकू- एक दिन वो बहुत ज्यादा गुस्से में थी तो मैंने कह दिया कि बुढ़ापे में गुस्सा आ ही जाता है,
उसके बाद से बहुत प्यार से बात करती है!

---

बिट्टू - तेरी बीवी ने तुझे घर से क्यों निकाला?
सिट्टू - भाई तेरे कहने पर उसे चैन गिफ्ट की थी, इसलिए निकाला.
बिट्टू - चांदी की थी क्या?
सिट्टू- नहीं साइकिल की थी।

---

किट्टू- सोचा था दो शादियां करूंगा, 1 पीटेगी तो दूसरी बचाएगी
रात को सपना देखा, एक ने पकड़ रखा था, दूसरी पीट रही थी।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनियाभर में सभी उम्र के 350 मिलियन लोग अवसाद से ग्रस्त हैं।
- मादक द्रव्यों के सेवन संबंधी समस्याओं के लगभग 30% लोग भी अवसाद से पीड़ित हैं।
- पुरुषों की तुलना में महिलाओं में लगभग दो गुणा अधिक होने की वजह से प्रमुख अवसाद से पीड़ित हैं।
- जिन लोगों में से 15% अवसाद से ग्रस्त होते हैं, वे हर साल अपनी जान लेते हैं।
- अवसाद के कारण आपको सामान्य रूप से 3 से 4 गुना अधिक सपने आते है।
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ (एनआईएच) के मुताबिक, 6% से अधिक बच्चे अवसाद से ग्रस्त हैं और उनमें से 4.9% की बड़ी अवसाद है।
- गंभीर अवसाद कोशिकाओं में बुढ़ापे की प्रक्रिया को बढ़ाकर हमें जैविक रूप से अधिक उम्र का बना सकता है।
- अवसाद के लगभग 80% पीड़ित उपचार प्राप्त नहीं कर रहे हैं।
- हास्य कलाकारों और हास्यास्पद लोगों पर किए गए शोध से पता चला है कि वे आमतौर पर औसत से अधिक उदास हैं।

# डीजीसीए ने बोइंग 737 विमान इस्तेमाल करने वाले एयरलाइनों को चेताया



नई दिल्ली। भारत में विमानन क्षेत्र के नियामक ने बोइंग 737 जेटलाइनर संचालित करने वाली एयरलाइनों को रडर (पतवार) की सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं के बारे में आगाह किया है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (ऊ्रड्ढअ)ने संभावित रूप से जाम या प्रतिबंधित रडर नियंत्रण प्रणालियों के बारे में एयरलाइनों को चेतावनी दी है। विमान का रडर एक ऐसा प्राथमिक तंत्र है जो जेट की गति को नियंत्रित करता है। फिलहाल देश में एयर इंडिया एक्सप्रेस, स्पाइसजेट और अकासा देश में बोइंग 737 शृंखला के विमानों का संचालन करते हैं। डीजीसीए ने इन ऑपरेटरों से सुरक्षा जोखिम आकलन करने तथा कुछ विशेष प्रकार की इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग बंद करने को कहा है।

### भारत के घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 2030 तक 30 करोड़ तक पहुंच जाएगी : नायडू

नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने सोमवार को कहा कि भारत में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 2030 तक 30 करोड़ तक पहुंच जाने का अनुमान है। साथ ही हवाई अड्डों के विकास पर करीब 11 अरब डॉलर खर्च किए जा रहे हैं। फ्रेंच एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज एसोसिएशन( जीआईएफएएस) की ओर से राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित सम्मेलन में उन्होंने कहा कि भारत और फ्रांस एक मजबूत वैश्विक एसएएफ (सतत विमानन ईंधन) आपूर्ति श्रृंखला विकसित करने के लिए मिलकर काम कर सकते हैं। भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते नागर विमानन बाजारों में से एक है और बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए एयरलाइंस अपने बेड़े के साथ-साथ तंत्र का भी विस्तार कर रही हैं। नायडू ने कहा कि 2030 तक घरेलू हवाई यात्री यातायात 30 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है, जबकि अगले 20-25 वर्षों में 200 और हवाई अड्डों के विकसित होने की उम्मीद है।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



# पहला टी20 मैच : हार्दिक, अर्शदीप और वरुण की बदौलत भारत ने बांग्लादेश को सात विकेट से हराया




**ग्वालियर।** हार्दिक पांड्या की 16 गेंदों पर नाबाद 39 रनों की तूफानी पारी और अर्शदीप सिंह तथा वरुण चक्रवर्ती के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने रविवार को श्रीमंत माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए पहले टी20 मैच में बांग्लादेश को सात विकेट से हरा दिया।

भारत ने 49 गेंद शेष रहते मैच जीतकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। इस तरह से यह इस प्रारूप में 100 से अधिक रनों के लक्ष्य का पीछा करने का उसका सबसे तेज प्रयास बन गया है।

128 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पांड्या ने लगातार दो चौके लगाए और 12वें ओवर की अंतिम गेंद पर तस्कीन अहमद की गेंद पर छक्का लगाकर जीत सुनिश्चित की। पांड्या ने अपनी पारी में पांच चौके और दो छक्के जड़े।

सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा ने शानदार शुरूआत की। पहले ओवर में शोरफुल इस्लाम पर दो चौके लगाकर सैमसन ने मोर्चा संभाला। अगले ओवर में अभिषेक ने तस्कीन की गेंद पर छक्का और दो चौके लगाए, लेकिन 16 रन बनाकर रन आउट हो गए।

> भारत ने 49 गेंद शेष रहते मैच जीतकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। इस तरह से यह इस प्रारूप में 100 से अधिक रनों के लक्ष्य का पीछा करने का उसका सबसे तेज प्रयास बन गया है।

कप्तान सूर्यकुमार यादव ने बीच में सैमसन का साथ दिया और दोनों ने पावरप्ले में तेजी से रन बनाना जारी रखा। दोनों बल्लेबाजों ने आक्रामक शॉट खेले और रन रेट को 10 से ऊपर रखा। सूर्यकुमार ने 14 गेंदों पर तीन छक्कों और दो चौकों की मदद से 29 रन की पारी खेली।

नए बल्लेबाज नितीश रेड्डी ने बीच में सैमसन का साथ दिया। भारत ने पहले छह ओवर में 71/2 रन बनाकर पावरप्ले में ही लक्ष्य का पीछा करने की नींव रख दी थी। सैमसन लय को आगे नहीं बढ़ा पाए और आठवें ओवर में मेहदी हसन मिराज ने उन्हें आउट कर दिया। उन्होंने 19 गेंदों पर 29 रन बनाए।

पंड्या और रेड्डी ने सुनिश्चित किया कि भारत को लक्ष्य का पीछा करने में कोई और परेशानी न हो। टीम के सीनियर बल्लेबाज ने जिम्मेदारी अपने कंधों पर ली और अपनी बेहतरीन बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए भारत को जीत दिलाई। रेड्डी 16 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि पांड्या ने नाबाद 39 रन बनाए।

इससे पहले, अर्शदीप सिंह (3-14) और वरुण चक्रवर्ती (3-31) ने तीन-तीन विकेट चटकाकर बांग्लादेश को 127 रन पर समेट दिया।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की टीम के सलामी बल्लेबाज परवेज हुसैन इमोन और लिटन दास टीम को अच्छी शुरूआत नहीं दे पाए। अर्शदीप ने मैच की पांचवीं गेंद पर ही लिटन (4) को आउट कर दिया।

अगले ओवर में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने इमोन (8) को आउट कर बांग्लादेश की पारी में और मुश्किलें खड़ी कर दीं।

कप्तान नजमुल हुसैन शांतो और तोविद हृदय ने पारी को संभालने की कोशिश की और पावरप्ले में स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाया। शांतो ने पांचवें ओवर में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव द्वारा किए गए पहले गेंदबाजी परिवर्तन का पूरा फायदा उठाया। बांग्लादेश के कप्तान ने वरुण चक्रवर्ती की गेंद पर लगातार दो चौके लगाए और अंतिम गेंद पर छक्का जड़कर ओवर में 15 रन बनाए।

## श्रीलंका को हराने के लिए उनके कप्तान को रोकना महत्वपूर्ण : शेफाली वर्मा




**नई दिल्ली।** महिला टी20 विश्व कप 2024 में श्रीलंका के खिलाफ होने वाले अहम मुकाबले से पहले भारत की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा का मानना है कि सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावनाओं को बनाए रखने के लिए यह जीत बेहद जरूरी है।

टूर्नामेंट के पहले मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ 58 रन से मिली हार ने भारतीय महिला टीम का पूरा समीकरण बिगाड़ दिया लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ हरमनप्रीत कौर की टीम ने शानदार कमबैक किया। इस हाई वोल्टेज मुकाबले को 6 विकेट से जीत कर भारतीय टीम ने उम्मीदें बढ़ा दी है। अब 9 अक्टूबर को श्रीलंका और 13 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया से टक्कर होगी, दोनों ही मैच भारत के सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावनाओं के लिए महत्वपूर्ण हैं।

इस बीच शेफाली, स्मृति मंधाना और रेणुका सिंह ने आगामी मुकाबलों पर अपनी बात रखी। श्रीलंकाई टीम को हराने के लिए सबसे अहम टीम की कप्तान चमारी अथापथु को रोकना होगा। शेफाली ने श्रीलंका की ताकत और लगातार उनके शानदार प्रदर्शन की सराहना की। खासकर उनका मानना है कि अथापथु के नेतृत्व में यह टीम काफी मजबूत हो गई है।




> न्यूजीलैंड के खिलाफ 58 रन से मिली हार ने भारतीय महिला टीम का पूरा समीकरण बिगाड़ दिया

उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, एक समय था जब चमारी सबसे ज्यादा रन बनाती थीं और विकेट लेती थीं, लेकिन एशिया कप में उनकी पूरी टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया। इस टीम ने बहुत सुधार किया है, यही कारण है कि उन्होंने एशिया कप जीता। चमारी एक प्रमुख खिलाड़ी होने का दबाव झेलती हैं, और यह देखना प्रेरणादायक है कि वह इसे कैसे संभालती हैं और अपने देश के लिए कैसा प्रदर्शन करती हैं।

## जूनियर विश्व चैंपियनशिप में 24 पदकों के साथ शीर्ष पर भारत

**लीमा।** जूनियर निशानेबाजों ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की 50 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया, जबकि भारत ने 13 स्वर्ण, 3 रजत और 8 कांस्य पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान भी अपने नाम किया।

इटली पांच स्वर्ण, चार रजत और 1 कांस्य पदक के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि नॉर्वे चार स्वर्ण और कुल 10 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर है। दीपक दलाल (545), कमलजीत (543) और राज चंद्र (528) की जूनियर पुरुष 50 मीटर पिस्टल टीम ने कुल 1616 अंक जुटाए और अजरबैजान को एक अंक से हराया। आर्मेनिया तीसरे स्थान पर रहा।

मुकेश नेलावल्ली ने व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक जीता, जो प्रतियोगिता का उनका छठा पदक था। उन्होंने 60 शॉट में कुल 548 अंक बनाए। अजरबैजान के इमरान ने 552 अंक के साथ स्वर्ण जीता। जूनियर महिलाओं की 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा में परीशा गुप्ता ने 540 अंक के साथ व्यक्तिगत रजत अपने नाम किया। हालांकि, वह हंगरी की मिरियम जैको के 546 अंक के जूनियर विश्व रिकॉर्ड को तोड़ने से चूक गईं।




सेजल कांबले (529), केतन (525) और कनिष्का डागर (513) ने मिलकर इस स्पर्धा में भारतीय टीम को रजत पदक दिलाया, वे अजरबैजान की टीम से पीछे रहे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली पांचवीं भारतीय दिवांशी ने 523 अंक हासिल कर आठवां स्थान हासिल किया।

अंतिम दिन के दूसरे इवेंट में शार्दुल विहान और सबीरा हैरिस ने जूनियर मिक्स्ड टीम ट्रैप प्रतियोगिता में भारत को कांस्य पदक दिलाया। दोनों ने 75 से अधिक निशाने लगाए।

## टेस्ट सिलेक्शन में निराशा के बाद मार्कस हैरिस नई चुनौतियों के लिए तैयार

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम में जगह बनाने से चूकने के बाद मार्कस हैरिस ने नए सिरे से फोकस और नई मानसिकता के साथ 2024-25 शेफील्ड शील्ड सीजन पर अपना ध्यान केंद्रित कर लिया है।

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट खिलाड़ी मार्कस हैरिस ने घरेलू सत्र से पहले क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा, इस साल मेरे लिए यही अंतर है कि पिछले साल की तरह इस साल मेरे सिर पर टेस्ट में चयन होने का खतरा नहीं मंडरा रहा है।

उन्होंने कहा, मैं जानता हूं कि मैं कहां खड़ा हूं और मैं जिस स्थिति में हूं, मेरी उम्र क्या है, मुझे पता है कि अगर मुझे फिर से मौका मिलना है तो मुझे हर हाल में दरवाजा खटखटाना होगा। ऐसा लगता है कि वे छह बल्लेबाजों के बारे में काफी हद तक तय कर चुके हैं। लेकिन वे वास्तव में निश्चित नहीं हैं कि क्रम क्या होगा।



32 वर्षीय सलामी बल्लेबाज को कभी डेविड वार्नर के संभावित रिप्लेसमेंट के रूप में देखा जा रहा था। हालांकि पिछली गर्मियों में चयनकताओं ने बल्लेबाजी ऑर्डर के साथ प्रयोग किया और तब हैरिस दरकिनार कर दिए गए। हैरिस और उनके प्रतिद्वंद्वियों कैमरन बैनक्रॉफ्ट और मैथ्यू रेनशॉ के स्थान पर स्टीव स्मिथ को पारी की शुरूआत करने के लिए उतारा गया।

टेस्ट टीम में सिलेक्शन से चूकने की निराशा पर हैरिस ने स्वीकार किया कि उनके लिए अपने टेस्ट भविष्य की अनिश्चितता से बचना मुश्किल था, लेकिन इसके साथ आने वाली मानसिक चुनौतियों का समाधान करने के लिए उन्होंने कदम उठाए हैं।

पिता बनने से हैरिस को एक नया दृष्टिकोण भी मिला है। 2023-24 सीजन की शुरूआत से कुछ दिन पहले अपने बेटे मैक्स का स्वागत करते हुए, हैरिस ने घर पर पर्सनल लाइफ के साथ क्रिकेट को संतुलित करने की चुनौतियों को स्वीकार किया।

## श्रीलंका क्रिकेट ने पूर्व कप्तान सनथ जयसूर्या को बनाया पुरुष टीम का हेड कोच

**कोलंबो।** पूर्व कप्तान सनथ जयसूर्या को श्रीलंका पुरुष क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। श्रीलंका के पूर्व ओपनर रह चुके जयसूर्या के मार्गदर्शन में टीम ने खासकर भारत, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था।

जयसूर्या की नियुक्ति 1 अक्टूबर 2024 से शुरू हो गई है और वह 31 मार्च 2026 तक इस पद पर रहेंगे।

श्रीलंका क्रिकेट के बयान के अनुसार, श्रीलंका क्रिकेट की कार्यकारी समिति ने यह निर्णय हाल के भारत, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड दौरे पर टीम के अच्छे प्रदर्शन को देखते हुए लिया, जहां जयसूर्या अंतरिम मुख्य कोच के रूप में टीम के साथ थे। मुख्य कोच के रूप में जयसूर्या की पहली जिम्मेदारी वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाले सीमित ओवरों के मैच होंगे, जो दांबुला और पल्लेकेले में खेले जाएंगे।




जयसूर्या पहले श्रीलंका क्रिकेट के सलाहकार रह चुके हैं। उनको पहली बार जुलाई में अंतरिम मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। पिछले कुछ महीनों में जयसूर्या की देखरेख में, श्रीलंका ने 27 साल बाद भारत के खिलाफ पहली द्विपक्षीय वनडे सीरीज जीती, 10 साल में पहली बार इंग्लैंड को उनकी धरती पर टेस्ट मैच में हराया, और हाल ही में न्यूजीलैंड को घरेलू टेस्ट में 2-0 से हराया।

1991 से 2007 तक जयसूर्या ने 110 टेस्ट मैच खेले, जिसमें उन्होंने 40.07 की औसत से 6973 रन बनाए, जिसमें 14 शतक और 31 अर्धशतक शामिल हैं।

445 वनडे मैचों में उन्होंने 13,430 रन बनाए, 32.36 की औसत से 28 शतक और 68 अर्धशतक लगाए। 1996 के विश्व कप में उन्होंने श्रीलंका की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। जयसूर्या इसके अलावा एक शानदार गेंदबाज भी थे। बाएं हाथ से स्पिन गेंदबाजी करते हुए उन्होंने टेस्ट मैचों में 98 और वनडे मैचों में 323 विकेट लिए हैं। वनडे में वह दुनिया के महानतम ऑलराउंडर में एक हैं। जयसूर्या ने अपने करियर में 31 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेले हैं। वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भी 30 मैच खेल चुके हैं।

## नवरात्रि के पंचम दिवस मां स्कंदमाता के स्वरुप की पूजा अर्चना कर रहे हैं भक्तगण :महंत गिरिशानन्द गिरि

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** सिद्धपीठ श्रीबाला त्रिपुर सुन्दरी मठ मंदिर द्वारकापुरी, दिल्ली गेट गाजियाबाद में श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर के पीठाधीश्वर, श्री पंच दशनाम जूना अखाडा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता, दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हिंदू यूनाइटिड फ्रंट के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज की अध्यक्षता व पावन सानिध्य में देश में आठ स्थानों सात मंदिरों व एक आश्रम पर चल रहे नवरात्रि अनुष्ठान देश भर में धर्म, भारतीय संस्कृति व हिंदू सनातन धर्म की अलख जगाने का कार्य कर रहे हैं। सोमवार को आठों स्थानों पर मां स्कंदमाता की पूजा अर्चना की गई।




मंदिर के महन्त गिरिशानंद गिरी ने वैदिक मंत्रों के द्वारा भगवती की पूजा अर्चना आचार्य राम मनोहर ने भगवती पंचम स्वरूप मां स्कंदमाता का विधिवत शोडशोपचार पूजन कराया। नवरात्र में शक्ति की साधना के बारे में महंत गिरिशानंद गिरि जी ने बताया कि आश्विन मास में माता दुर्गा के अलग-अलग रूपों की पूजा की जाती है। नवरात्र के पांचवें दिन माता स्कंदमाता की पूजा की जाती है। माता स्कंदमाता कुमार कार्तिकेय की माता है। पांचवें दिन माता के इस रूप की आराधना करने से उपवासक को स्वत: ही सभी सिद्धियां प्राप्त होती हैं। इस पूरे दिन उपवास करने के बाद माता को केले का भोग लगाया जाता है। इस दिन माता को केले का भोग लगाने से शरीर स्वस्थ रहता है ।और उसे परम आनंद की प्राप्ति होती है ।महन्त श्री गिरिशानंद गिरी जी ने विश्व में सनातन संस्कृति के विस्तार के संकल्प के साथ भगवती की नौ दिवसीय साधना आरंभ की। सांयकाल वेला में दुर्गा सप्तशती के मंत्रों से विश्व शान्ति की कामना के लिए हवन भी किया गया जिसमें महाराज श्री के साथ अन्य भक्तों ने भी आहुतियां दी। और मुंह मांगा वरदान पाते हैं इसलिए सभी आए और इस नवरात्रि पर सुख शांति मंगल कामनाओं के लिए प्रात: कालीन दुर्गा सप्तशती का पाठ एवं रात्रि 8 :00 बजे से शतचंडी यज्ञ किया जा रहा है जिससे सभी को लाभ मिल, सबको नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं महाराज श्री ने दी। नवरात्रि के पावन अवसर पर मंदिर में शान्ति, सुरक्षा के लिए डिविजनल वार्डन राजेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में सिविल डिफेंस के वार्डन श्रद्धालुओं की सेवा कर रहे है। इस अवसर पर महंत विजय गिरि, ,साध्वी गिरीजानंदनी गिरि, निखिल शर्मा, महंत रमेश आनंद गिरी, अशोक शर्मा,( घीवाले) अशोक मित्तल( लोहे वाले) नवीन सिंघल, कैलाश सिंह, महेश शर्मा( होम्योपैथिक), महंत रूप गिरि, ब्रह्मऋषि आदित्य पांडे,( डंडा गुरु) चौधरी सतवीर, रजनीश गर्ग, विजय गुप्ता, सुनील नगर, योगिंदर ,तथा शहर के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे और मां का आशीर्वाद लिया।

## श्री रामलीला कमेटी गोल पार्क राजेंद्र नगर में श्रीराम सीता स्वयंवर और परशुराम लक्ष्मण संवाद की लीला का हुआ मंचन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रविवार को श्री रामलीला कमेटी गोल पार्क राजेंद्र नगर में बृज चंद रामलीला एवं कृष्ण लीला मंडली द्वारा धनुष यज्ञ श्री राम सीता स्वयंवर एवं परशुराम लक्ष्मण संवाद की लीला का मंचन किया गया। बड़े ही सुंदर रूप में पवन कुमार चतुर्वेदी, ब्यास के नेतृत्व में गिरधारी लाल, सोनी चतुर्वेदी, गणेश चतुर्वेदी की अनुज चतुर्वेदी महिला कलाकार रिंकी देवी, मनीषा एवं आरती आदि कलाकारों ने लीला का मंचन किया। मंचन का लोगों ने भरपूर आनंद लिया और तालिया बजाकर कलाकारों का उनकी प्रतिभा के प्रति सम्मान व्यक्त किया। श्री रामलीला कमेटी के मुख्य संयोजक एसपी सिंह , संरक्षक कुसुम सिंह, पूर्व पार्षद मुख्य संरक्षक सत्येंद्र सिंह परिहार, अध्यक्ष रमाकांत पांडे, महामंत्री रामजी झा, धर्मेंद्र दुबे, उपाध्यक्ष राकेश सूद, तिलकराम पांडे, रविंद्र कोहली, केएन सिंह, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र भारती, नादिर अली, चंदन झा, केके दुबे, विपुल जैन, दिलीप गुप्ता, भारत त्यागी, अरुण त्यागी, मोनू शर्मा, अनिल जुल्का, अनीता झा, शोभा दुबे, संध्या सिंह, अजय कुमार, सोनू मिश्रा, वीरेंद्र सिंह आदि लोगों की उपस्थिति में सुंदर ढंग से रामलीला का मंचन किया गया।




## न्यूज डायरी

### महिला हत्याकांड के खुलासे की मांग को लेकर सड़क पर जाम लगाया

**लोनी (करंट क्राइम)।** मंडोला में हुई महिला हत्या कांड का खुलासा करने की मांग को लेकर मंडोला गांव के सैकडों लोगों ने दिल्ली सहारनपुर रोड पर करीब दो घंटे जाम लगाकर प्रदर्शन किया। एसीपी ने चार दिन में घटना के खुलासे का आशवासन दिया है। जिसके बाद जाम खुल सका। गौरतलब है कि ट्रॉनिका सिटी की जींस फैक्टरी में काम करने वाली मंडोला गांव की 55 वर्षीय महिला की फैक्टरी से घर लौटते समय निर्मम हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने महिला के परिजनों को 24 घंटे में घटना के खुलासे का आश्वासन दिया था, लेकिन ती दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस हत्यारों का सुराग नही लगा सकी है। हत्या की इस घटना का खुलासा तथा हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर महिला के परिजनों तथा ग्रामीणों ने रविवार शाम करीब चार बजे दिल्ली सहारनपुर रोड पर जाम लगा दिया और पुलिस कार्यशैली पर सवालिया निशान लगाते हुए हंगामा करने लगे। जाम की सूचना मिलने पर ट्रॉनिका सिटी थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझा बुझाकर जाम खुलवाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण नही मानें। शाम करीब पांच बजे एसीपी सूर्यबली मोर्या मौके पर पहुंचे और तीन दिन में घटना के खुलासे का आशवासन दिया। ग्रामीणों ने पुलिस को घटना के खुलासे के लिए चार दिन का समय दिया है। जिसके बाद शाम करीब छह बजे जाम खुला। एसीपी सूर्यबली मोर्या का कहना है कि घटना के खुलासे के लिए चार पुलिस टीम काम कर रही हैं। महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे हैं, जल्द ही घटना का खुलासा किया जाऐगा।

### मेट्रो विस्तार के लिए चल रहे अभियान को व्यापारियों ने समर्थन दिया

**लोनी (करंट क्राइम)।** तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं द्वारा मेट्रो विस्तार के लिए चलाए जा रहे अभियान को व्यापारियों ने भी समर्थन दिया है। सोमवार को खन्ना नगर कॉलोनी में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। वरिष्ठ अधिवक्ता विनोद कुमार ने बताया कि लोनी बार एसोसिएशन के अधिवक्ता मेट्रो को शिवविहार से लेकर मंडोला विहार तक विस्तार करने की मांग कर रहे हैं। प्रधानमंत्री, प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा शहरी विकास मंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन 16 सितम्बर को एसडीएम लोनी को सोंप चुके हैं। जबकि हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। अभी तक करीब 15 हजार लोग हस्ताक्षर कर चुके हैं। जबकि उनका लक्ष्य एक लाख हस्ताक्षर कराने का है। जिसके लिए डोर टू डोर हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को खन्ना नगर कॉलोनी में सैकडों लोगों ने हस्ताक्षर किए। जबकि लोनी व्यापार मंडल के अध्यक्ष भोपाल प्रधान ने अपने कार्यक ताओं के साथ हस्ताक्षर अभियान को समर्थन दिया। विनोद कुमार ने बताया कि मंडोला विहार बागपत जनपद की सीमा तक है। वहां तक मेट्रो पहुंचने पर लोनी ही नही बागपत जनपद के भी लाखों लोगों को इसका लाभ मिलेगा और दिल्ली के लोग मंडोला विहार में अपना निवास बनाना पसंद करेंगे। जिससे दिल्ली में आबादी का दबाव भी कम होगा।

### चोरी की स्कूटी के साथ दो गिरफ्तार

**लोनी (करंट क्राइम)।** पुलिस ने चोरी की स्कूटी के साथ दो वाहन चोर गिरफ्तार किया है। एसीपी सूर्यबली मोर्या ने बताया कि सोमवार सुबह चेकिंग के दौरान ट्रॉनिका सिटी पुलिस ने चोरी की स्कूटी के साथ सोनू उर्फ जफर, मोनिस उर्फ अरबाज को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी लोनी की अशोक विहार कॉलोनी के रहने वाले है तथा दिल्ली से स्कूटी चोरी कर उसे बेचने की फिराक में घूम रहे थे।

### नाबालिक सहित पशु वध के दो आरोपी गिरफ्तार

**लोनी (करंट क्राइम)।** पुलिस ने प्रतिबंधित पशु वध के एक आरोपी को जेल भेजा है। जबकि एक बाल अपचारी को हिरासत में लेकर कार्रवाई की जा रही है। आरोपियों ने गत दिनों अपने साथियों के साथ मिलकर रूपनगर की एक फैक्टरी में पशु वध कर रहे थे। एसीपी सूर्यबली मोर्या ने बताया कि लोनी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शातिर प्रतिबंधित पशु वध की घटनाओं को अंजाम देने वाले रिजवान को गिरफ्तार किया है। जबकि एक नाबालिक साथी को भी हिरासत में लिया गया है। रिजवान ने पूछताछ में बताया कि उसने 29 सितम्बर को अपने साथी महबूब, आबिद, दिलशाद, छोटे उर्फ परवेज तथा शेखर जाट के साथ मिलकर रूपनगर की एक फैक्टरी में प्रतिबंधित पशु वध किया था। आबिद मांस को गाडी में भरकर बेचने के दिल्ली ले गया था। जिसे दिल्ली पुलिस ने पकड लिया था। जबकि महबूब ने बागपत कोर्ट में आत्मसमर्पणेकर दिया था।

### शातिरों ने कार्ड बदलकर खाते से निकाले दो लाख

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** शातिरों ने एक युवक का कार्ड बदलकर एटीएम से दो लाख रुपए निकाल लिये। पीड़ित ने इस मामले में थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थानान्तर्गत देवेन्द्रपुरी कॉलोनी निवासी राजपाल सिंह निवाड़ी रोड पर एटीएम से पैसे निकालने के लिए गए थे। इसी दौरान जब वह पैसे निकाल रहे थे, तो उनके पीछे तीन युवक खड़े थे। राजपाल सिंह ने बताया कि युवकों ने उन्हें मदद के नाम पर बातों में उलझाकर एटीएम कार्ड बदल लिए। जब वह घर पहुंचे तो उनके मोबाइल पर खाते से दो लाख रुपए निकलने का मैसेज आया। उन्होंने अपना एटीएम कार्ड देखा तो वह बदला हुआ था। पीड़ित ने थाने में तहरीर दे कार्रवाही की मांग की है। पुलिस सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है।

### चोरी के मामले में कार्रवाई न होने पर युवती ने चौकी में पिया जहर

**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ नगर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी युवती ने चोरी के एक मामले में पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए साइलो प्रथम चौकी में मच्छर मारने की रिफिल की दवा पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। पुलिस ने आनन-फानन युवती को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। युवती की हालत में सुधार बताया जा रहा है। मोहल्ला निवासी महिला ने बताया कि कुछ माह पहले वह अपने बच्चों के साथ दिल्ली अपनी रिश्तेदारी में जन्मदिन में गई थी। वापस लौटने पर देखा तो उसके मकान में कुछ लोगों ने चोरी कर ली थी। चोर उसके घर से सभी घरेलू सामान चोरी कर ले गए थे। उसने पड़ोस में रहने वाले कुछ लोगों पर आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर दी थी।

# धूमधाम से मनाया गया अजय गुप्ता-रमा गुप्ता के पौत्र अयांश का पांचवा जन्मदिन



गाजियाबाद, करंट क्राइम। जनसेवक अजय गुप्ता तथा रमा गुप्ता के पौत्र अयांश गुप्ता का पांचवा जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। जन्मदिन के शुभ अवसर पर गुप्ता परिवार ने माता की चौकी का आयोजन किया। इस अवसर पर अयांश के माता-पिता शिल्पी गुप्ता व आयुष गुप्ता ने भी अपने परिवार के साथ सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। अयांश गुप्ता को आशीर्वाद और शुभकामनाएं देने के लिए समाज के गणमान्य लोग पहुंचे और सभी ने आशीर्वाद प्रदान किया। अजय गुप्ता और रमा गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## एटीएम कार्ड बदलकर खाते से निकाले 2 लाख

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में निवाड़ी रोड पर डिफेंस कॉलोनी में एक शख्स का एटीएम कार्ड बदलकर दो लाख रुपए निकालने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने इस मामले में मोदीनगर थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नगर की देवेन्द्रपुरी कॉलोनी निवासी राजपाल सिंह निवाड़ी रोड पर एटीएम से पैसे निकालने के लिए गए थे। जब वह पैसे निकाल रहे थे तो उनके पीछे 3 युवक खड़े थे। राजपाल सिंह ने बताया कि युवकों ने किसी तरह से मेरा एटीएम कार्ड बदल लिए। जब वह घर पहुंचे तो उनके मोबाइल पर खाते से दो लाख रुपए निकलने का मैसेज आ गया। जब उन्होंने अपने एटीएम कार्ड देखा तो वह बदला हुआ था।




## क्यों नजर नहीं आ रहे एक साहब

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में बीते कुछ दिनों से एक मामला टाइट और हाईलाइट चल रहा है। कभी धर्म स्थलों का घेराव हो रहा है तो कभी बयानबाजी के बाद माहौल गर्मा रहा है। कभी पुलिस लाठी चार्ज कर रही है, तो कभी पुलिस मैनेजमेंट के तहत काम कर रही है। इन सब के बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में चर्चा है कि इन दिनों एक साहब कम नजर आ रहे हैं। एक समय था जब पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिटी जोन के अंतर्गत होने वाली रामलीलाओं में अधिकारियों की फुट पेट्रोलिंग से लेकर गश्त वाली फोटो की लाइन लगती थीं, पर कमिश्नरेट सिस्टम बनने के बाद नजारा बदला हुआ दिख रहा है। बीते दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बड़ी से लेकर छोटी और प्रमुख से लेकर पुरानी रामलीला का शुभारंभ हुआ लेकिन एक साहब की कोई तस्वीर सोशल मीडिया पर नजर नहीं आई। सूत्र तो यह भी बताते हैं कि वह एक रामलीला का निरीक्षण करने पहुंचे, तो उनके कदम रामलीला मैदान के अंदर तक नहीं पड़े। इन सबके बीच मामला सोमवार वाला है, जहां कमिश्नरेट का बड़ा प्रदर्शन था लेकिन साहब की वहां भी मौजूदगी देखने को नहीं मिली। अब यह पुलिस की कौन सी स्ट्रेटजी का हिस्सा है, यह तो शीर्ष अधिकारी ही बता सकते हैं लेकिन जिस तरीके से जोन वाले साहब ने इलाके वाले एसीपी के भरोसे ही पूरा मामला छोड़ दिया यह थोड़ा हैरान करने वाला है। वैसे कमिश्नरेट में आईपीएस अधिकारियों को फील्ड पर उतरते और मामले को सुलझाते देखा गया है लेकिन इन दिनों हालात बदले और बदलाव वाले चल रहे हैं। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि भले शनिवार को जब एक इलाके में पुलिस ने लाठी वाला चार्ज किया था, तो भी उनकी मौजूदगी कैमरों से दूर ही रही। वो क्यों कैमरे से तौबा कर रहे हैं, तो अलग बात है लेकिन सूत्र बताते हैं कि कार्यालय में गुलदस्ता गैंग के साथ फोटो सबसे ज्यादा खींचती हैं। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में व्यापारियों और अधिकारियों का तालमेल भी इन दिनों थोड़ा कम देखा जा रहा है। कुल मिलाकर सोमवार को जितना बड़ा आयोजन और जितना संवेदनशील मुद्दा था, वहां कमिश्नरेट में तैनात बड़े अधिकारियों के कई फेस नजर आने चाहिए थे लेकिन नजारा इससे बिल्कुल जुदा था। कई थानों की भले फोर्स रही हो पर कमान एक ही एसीपी के द्वारा संभाली जा रही थी। अब यह उनके मैनेजमेंट का दम है या ऊपर वाले फील्ड पर आने को तैयार नहीं थे, इसकी चर्चा विभाग में भी जोरों पर हो रही है।



## नेहरू वर्ल्ड स्कूल में संपन्न हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नेहरू वर्ल्ड स्कूल में हैल्दी प्लनेट-अर्ली इयर का सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। इस नाटक को प्रीनर्सरी, नर्सरी व केजी के छात्रों ने उत्साह के साथ प्रस्तुत किया। दोनों पारियों में छात्रों ने अपने अभिनय का परिचय दिया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण नाटक की कहानी इतिहास की थाली थी जो अंग्रेजी व हिंदी भाषा के मिश्रण से बनाई गई थी। कार्यक्रम के विशेष अतिथि दीपक गर्ग तथा उनकी सुपुत्री सुश्री सेजल गर्ग थीं। विद्यालय की एक्जीक्यूटिव हैड सुजैन होम्स ने समस्त अभिभावकों तथा गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। हमारे नन्हे नन्हे छात्र बधाई के पात्र हैं।

यह नाटक कुछ प्रसिद्ध भारतीय व्यंजनों के इतिहास पर आधारित था। इसके माध्यम से छात्रों ने यह जानकारी देने का प्रयास किया कि जिन व्यंजनों को हम स्वाद से खाते हैं, वे आए कहाँ से और उनका मिलन कैस हुआ। जैसे इडली डोसा का मिलन किस प्रकार से हुआ। मोदक कैसे आए, जलेबी, समोसा हो या रसगुल्ला हो। इन सभी के जन्मदाता कौन रहे, भारतीय पकवानों की खुशबू बिखेरता यह नाटक जानकारियों का खजाना था। नन्हे नन्हे छात्रों ने अपने अभिनयए संवाद और नृत्य के द्वारा आमंत्रित अभिभावकों व अतिथिगणों के मन को मोह लिया। समारोह के अंत में विद्यालय के डायरेक्टर डा० अरुणाभ सिंह ने छात्रों के अभिनय की प्रशंसा की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए उपस्थित लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## इंदिरापुरम मंडल अध्यक्ष हरमीत बक्शी ने चलाया सदस्यता अभियान





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम मंडल अध्यक्ष हरमीत बक्शी के नेतृत्व में मंडल के विभिन्न क्षेत्रों में सदस्यता अभियान कैंपों का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान पूरे जोश और समर्पण के साथ पार्टी के कार्यकताओं और पदाधिकारियों द्वारा चलाया जा रहा है।

रविवार को इंदिरापुरम विभिन्न स्थानों पर सदस्यता अभियान के कैंप लगाए गए, जिनमें मकनपुर, शिप्रा रिवेरा सोसाइटी, मंगल बाजार चौक, शिप्रा सनसिटी, जयपुरिया प्लाजा मार्केट, नीति खंड-2, काला पत्थर रोड, और मकनपुर मैन मार्केट प्रमुख रहे। कैंपों में स्थानीय नागरिकों का उत्साहजनक समर्थन प्राप्त हुआ, जिससे अभियान को बल मिला। मंडल अध्यक्ष हरमीत बक्शी ने कहा कि सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता सतत कार्य कर रहा है, लोगों के बीच भाजपा सदस्यता को लेकर हर जगह भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। कार्यकताओं का मनोबल बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। उनके साथ मंडल के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी अभियान में जुटे हुए हैं। इन अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष जयश्री सिन्हा, मंडल मंत्री देवदत्त पाल, पुष्पेंद्र त्यागी, लवीश त्यागी, प्रयाम सक्सेना, मंडल सोशल मीडिया संयोजक धीरज शर्मा, मंडल ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष सतीश कसाना, मंडल मंत्री अजय शर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल में कलस्टर रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता-2024 शुरू



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विजयनगर स्थित जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित सीबीएसई नार्थ जोन प्रथम कलस्टर रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता-2024 शुरू हो गई। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के 318 स्कूलों के बच्चे भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता का उदघाटन स्कूल के चेयरमैन जेके गौड़ ने किया। उन्होंने कहा कि जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पूर्ण रूप से सकल्पित है। बच्चों का सर्वांगीण विकास तभी होगा, जब उन्हें शिक्षा के साथ खेल के लिए भी प्रोत्साहित किया जाए। सीबीएसई के आब्जर्वर ध्रुव सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता पांच कैटेगरी 9 वर्ष, 11 वर्ष, 14 वर्ष, 17 वर्ष व 19 वर्ष में होगी। प्रथम चरण में 7 व 8 अक्टूबर को सडक पर प्रात: 5 बजे से 10.30 बजे तक रोड स्केटिंग रेस आयोजित हुई। अपरान्ह 2 बजे से रात्रि 9 बजे तक फलड लाईट में ट्रेक पर इनलाइन एव क्वार्टज रेस का आयोजन पाचों कैटेगरी में चल रहा है जिसमे सभी खिलाडी 10 अक्टूबर तक



भाग लेंगे। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाडियों को 10 अक्टूबर 2024 को मेडल पहनाकर सम्मानित किया जाएगा। सीबीएसई टेकनीकल डेलीगेट निरंजन काला व अंकुर गुप्ता ने खिलाडियों को खेल की टेक्नीकल सम्बधी जानकारी देकर पूरे उत्साह के साथ भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। स्कूल की प्रधानाचार्य अजू गौड ने कहा कि सीबीएसई नार्थ जोन प्रथम कलस्टर रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता गाजियाबाद में रोलर स्केटिंग खेल की लोकप्रियता बढाने का कार्य करेगी। इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के 318 सीबीएसई स्कूलो के 3700 खिलाडी व उनके प्रशिक्षक भाग ले रहे है।




### हो गई विदाई तो वो दोनो भाई जनरली अब नही रहें होगें भाजपाई

वैसे तो कई फूल वाले हाथ के साथ हैं और कई जीजा कांग्रेसी तो कई समधी कांग्रेसी और पूरी रिश्तेदारी निभाई जा रही है। बात भी सही है कि रिश्तेदार पहले या सरकार पहले। इन सब के बीच जिक्र उन दो कांग्रेसियों का चला और साहब के लोकसभा में आने के बाद उनकी शरणागत होकर भाजपाई हो गये थे। हालांकिं दोनो की वफा का ये आलम था कि एक मौके पर कह भी दिया था कि हमारी भाजपा तो साहब के साथ है उनसे अलग हम कोई भाजपा नही मानते। एनएसयूआई वाले ये दोनो नेता अब कहां हैं ये एक भाजपाई ने ही पूछा। सदस्यता अभियान में नही दिखे और अतुल गर्ग के स्वागत में भी नही दिखे। पांच को पौंच कहने वाले और एक हजार आठ वाले भी अब कुछ कुछ फेडअप होने लगे हैं। कहने वाले ने कहा कि जब साहब की ही हो गई विदाई तो आप मान कर चलों कि वो दोनो भाई भी जनरली अब नही रहे होगें भाजपाई। वो दोनो भाई अपनी बात के धनी है और सियासत हो या रिश्ते वो दोनो निभाते पूरी शिददत से हैं।

### ये देख लो हमने चुकता किया है 1600 रूपये का कोल्ड ड्रिंक्स बिल

पहले वाले पांच साल उस मौहल्ले में जीता नीला रंग था मगर हल्ले हरे कलर वाले मचाते रहे। कहा तो ये तक जाता है कि कई बार निगम में वो खुद को मेंबर बताते रहें। हैंडंपप वालों की कार में ब्लू मेंबर की मोहर, पैड सब रखे रहते थे। विकास का नारियल, विकास की माला किसी के गले में और कोटा किसी के नाम आते थे। इस बार भगवा लाठी कुछ ऐसी चली कि कायम तो चौधराहट ही रही लेकिन फूल वालों की। अब रोज एक नया किस्सा इस मौहल्ले से निकल आता है। जुबान पर बात आई तो उन्होने भी जुबान से कुछ नही कहा कि दिखाया कि लिखतम के आगे बकतम नही चलेगा। उन्होने स्क्रीन शॉट उस भुगतान का भेजा जो कोल्ड ड्रिंक्स वाले को 28 सितंबर को ही किया गया। मेंबर के खाते से ही शिव शक्ति कोल्ड ड्रिंक्स वाले को पेटीएम से 1600 रूपये का भुगतान किया गया। मगर कहने वाले ने कहा कि अजी भाई साहब इतने ही भुगतान वाले हैं तो बर्गर वाले को भी तो किया होगा एक बार उसका भी स्क्रीन शॉट आना चाहिये।

### मैं था बातचीत में तल्लीन क्या बताऊं सीन मेरा तो फोन लिया था छीन

फूल वाले कुनबा अपडेट करने चले और पिछला सबकुछ फारमेट माना गया। जनता के प्रतिनिधियों से लेकर संगठन वालों को टारगेट भी दिया गया। होना तो ये चाहिये था कि सरकार वालों के परिवार में शामिल होने के लिये मारा मारी मच जाती लेकिन यहां तो फूल वालों में ही सदस्य बनाने के लिये मारा मारी मच गई। मडंल वाले जब तक पहुंचते तब तक मौहल्ला पार्षद ने मौहल्ले वाले भाजपाईयों के मोबाईल फोन से मिस्डकाल लगवा दी। ई रिक्शे वाले भाजपाई बना दिये तो कहीं सपाई दोस्त को गुड फेथ में लेकर मिस्डकाल लगवा दी। कहीं यार को सरकार के परिवार में जोड़ा। मोबाइल फोन वालों ने भी तो किसी फूल वाले का दिल नही तोड़ा। पहले आओ और पहले भाजपाई बनाओ स्कीम चली। तू बना ही क्यों के सवाल पर मासूम जवाब भी मिल गया कि क्या करता मैं तो था नवीन से बातचीत में तल्लीन क्या बताऊं सीन उसने मेरा फोन लिया था छीन।

# अंतरिक्ष में फंसी सुनीता विलियम्स अब राष्ट्रपति चुनाव में देंगी भागीदारी, आईसीसी से इस तरह कर सकेंगी मतदान

**वॉशिंगटन ।** सुनीता विलियम्स एक और इतिहास बनाने के लिए तैयार हैं। वह अपने सहयोगी बुच विल्मोर के साथ कई महीनों से अंतरिक्ष में फंसी हुई हैं। ऐसे में उन्होंने आगामी पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में अपना योगदान देने की इच्छा जाहिर की है। वह अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से ही मतदान देकर एक इतिहास रचेंगी।





### 1997 से वोट ड ाला जा रहा

विलियम्स वर्तमान में आईएसएस के कमांडर के रूप में फिलहाल काम कर रही हैं। वह धरती की सतह से करीब 400 किलोमीटर की ऊंचाई पर रहते हुए अपने लोकतांत्रिक अधिकार का इस्तेमाल करेंगी। अंतरिक्ष सेंटर से वोटिंग कोई नई बात नहीं है। नासा के एस्ट्रोनॉट्स 1997 से अपने देश का नेता चुनने के लिए मतदान करते आ रहे हैं। तब टेक्सास विधानमंडल ने नासा के अंतरिक्ष यात्रियों को कक्षा से मतपत्र डालने की अनुमति देने वाला एक विधेयक पारित किया था।

अब नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता भी अंतरिक्ष-आधारित मतदाताओं के एक चुनिंदा समूह में शामिल होंगी। बता दें, सबसे पहले डेविड वुल्फ ने मीर स्पेस स्टेशन पर रहते हुए वोट दिया था।

उसके बाद हाल ही में 2020 के चुनावों के दौरान केट रूबिन्स ने आईएसएस से मतदान किया था।

### ऐसे डालेंगी अपना वोट

अपना वोट डालने के लिए, विलियम्स एक ऐसी प्रक्रिया का पालन करेंगी जिसका उपयोग अन्य अमेरिकी नागरिकों द्वारा विदेशों से मतदान करने के लिए किया जाता है। ऑर्बिटिंग लैबोरेट्री से स्पेस सेंटर में बैठे अंतरिक्ष यात्री इलेक्ट्रॉनिक बैलट की मदद से वोटिंग करते हैं। सैटेलाइट फ्रीक्वेंसी की मदद से इलेक्ट्रॉनिक मतपत्रों को स्पेस स्टेशन भेजा जाएगा और फिर अंतरिक्ष यात्री अपने वोट का इस्तेमाल करेंगे। वोट डालने के बाद इलेक्ट्रॉनिक मतपत्रों को वापस धरती पर भेजा जाता है।

बता दें, इस साल अमेरिका में पाच नवंबर को राष्ट्रपति चुनाव होना है। रिपब्लिकन की ओर से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मैदान में हैं।

# गाजा में युद्ध का एक साल, 1.63 लाख से अधिक इमारतें मलबे में तब्दील

**गाजा ।** इस्राइल-हमास युद्ध की वजह से फलस्तीन का गाजा शहर मलबों के ढेर में तब्दील हो गया है। पिछले एक साल में इस शहर में 4.2 करोड़ टन से अधिक मलबा जमा हो गया है। इसमें टूटी और ध्वस्त दोनों इमारतें शामिल



हैं। चिंता की बात है कि मलबा हर दिन बढ़ता ही जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र के उपग्रह डाटा के मुताबिक, गाजा की युद्ध पूर्व संरचनाओं में से दो-तिहाई यानी 1,63,000 से अधिक इमारतें क्षतिग्रस्त हो गई हैं या ढह गई हैं। इनमें से करीब एक तिहाई ऊंची इमारतें थी।

# चीनी हैकर्स ने उड़ाई अमेरिका की नींद, दूरसंचार कंपनियों के डेटा में लगाई सेंध; वायरटैपिंग को किया प्रभावित

**वॉशिंगटन ।** चीन के हैकर्स ने अमेरिका को हिलाकर रख दिया। हैकर्स ने कई अमेरिकी दूरसंचार कंपनियों में सेंध लगा दी है। इससे अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा पर कई सवाल खड़े हो गए हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी जांचकताओं को संदेह है कि इन हैकर्स ने वायरटेप वारंट रिक्वेस्ट्स की एक्सेस हासिल कर ली है। हालांकि, कितना नुकसान हुआ है और कितनी सूचनाएं चोरी हुई हैं, यह अभी जांच का विषय है। हैकर्स ने अमेरिका के बड़े ब्रॉडबैंड और इंटरनेट सर्विसेज को निशाना बनाया है। इसमें एटी एंड टी, वेरिजोन और लूमेन जैसे नाम शामिल हैं। अमेरिकी टेलीकॉम इंडस्ट्री में यह सभी बड़े नाम हैं। वहीं, अमेरिका स्थित चीनी दूतावास ने ऐसी किसी बात से इनकार किया है।

### अमेरिकी दूरसंचार फोन संचार की रीढ़

गौरतलब है कि चीन और अमेरिका के बीच साइबर जासूसी के



मामलों को लेकर पहले ही काफी तनाव है। अमेरिकी दूरसंचार उद्योग देश के इंटरनेट और फोन संचार की रीढ़ है। इसके चलते यह अक्सर सरकारी हैकर्स के निशाने पर रहता है। इन दूरसंचार कंपनियों के पास बड़ी मात्रा में कॉलर और यूजर्स का डेटा होता है। अमेरिकी कानूनी एजेंसियां भी अक्सर राष्ट्रीय सुरक्षा जांच के दौरान इस डेटा का इस्तेमाल करती हैं।

टेलीकॉम फर्म्स में सेंध लगाई

इस मामले से अवगत सूत्रों ने बताया कि चीन के हैकर्स ने कई अमेरिकी टेलीकॉम फर्म्स में सेंध लगाई है। हैकर्स ने शायद संवेदनशील जानकारियों की खोज में सेंधमारी की है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी हो सकती है।

**इंटरनेट प्रदाताओं को निशाना बनाया :** अमेरिकी जांचकताओं का मानना है कि हैकर्स ने वायरटैप वारंट अनुरोधों तक पहुंच हासिल की हो सकती है। अधिकारियों का मानना है कि एटी एंड टी, वेरिजोन और लुमेन जैसी प्रमुख ब्रॉडबैंड और इंटरनेट प्रदाताओं को निशाना बनाया गया है।

चीनी दूतावास ने आरोपों को तथ्यहीन बताया

वॉशिंगटन डीसी में स्थित चीनी दूतावास ने कहा कि उनके देश के हैकर इसमें शामिल नहीं हैं। दूतावास के प्रवक्ता लीयू पेंग्यू ने हैकिंग से जुड़े आरोपों को तथ्यहीन बताया। साथ ही अमेरिका पर साइबर सिक्योरिटी के मामले का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया।

फिलहाल, एटी एंड टी, वेरिजोन और लुमेन ने इस घटना पर सार्वजनिक रूप से कोई टिप्पणी नहीं की है। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है ।

# अब डेमोक्रेट नेता टिम वाल्ज ने इस्राइल का किया समर्थन

## युद्ध तेज होने पर आत्मरक्षा के अधिकार की कही बात

**नईदिल्ली।** अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार टिम वाल्ज ने एक इंटरव्यू में इस्राइल के आत्मरक्षा के अधिकार के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया हैं। बता दें कि आज इस्राइल पर हमास के हमले की पहली बरसी है, आज के ही दिन इस्राइल में भीषण नरसंहार हुआ था। डेमोक्रेटिक नेता टिम वाल्ज की राय इसलिए काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि उनका बयान, एक साल पहले 7 अक्टूबर को, इस्राइल में हुए नरसंहार की पहली बरसी से ठीक एक दिन पहले आई है।




### ईरान पर टिम वाल्ज ने साधा निशाना

इस साल नवंबर की शुरूआत में होने वाले अमेरिकी आम चुनावों से पहले इंटरव्यू देते हुए, टिम वाल्ज ने इस्राइली बंधकों को रिहा करने और गाजा में मानवीय संकट को समाप्त करने का आह्वान किया, लेकिन उन्होंने कहा कि ईरान इसके केंद्र में है, उन्होंने उनके प्रॉक्सी को पूरे क्षेत्र में व्यवधान लाने वाला भी बताया हैं। अल जजीरा के अनुसार, टिम वाल्ज ने इस्राइल-हमास संघर्ष के प्रति अधिक समझौतावादी दृष्टिकोण अपनाया है।

**'इस्राइल को खुद का बचाव करने का अधिकार' :** इस साल की शुरूआत में मार्च में, उन्होंने मिनेसोटा पब्लिक रेडियो से कहा, इस्राइल को खुद का बचाव करने का अधिकार है, और 7 अक्टूबर की क्रूरता अस्वीकार्य है, लेकिन फलस्तीन के नागरिकों को इसमें फंसाया जाना बंद होना चाहिए। वहीं उपराष्ट्रपति की बहस के दौरान भी, यह देखा गया था।

वाल्ज ने कहा, इस्राइल की खुद का बचाव करने की क्षमता बिल्कुल मौलिक है, और गाजा में मानवीय संकट को समाप्त करना है। टिम वाल्ज की राय इसलिए महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि उन्होंने 20 से अधिक वर्षों तक अमेरिकी सेना में सेवा की है।

### इस्राइल में स्थिर नेतृत्व की एक पूर्ण, मौलिक जरूरत

इस्राइल में अमेरिका की भूमिका पर उनके विचार, जैसा कि वे कहते हैं, संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए वहां स्थिर नेतृत्व की एक पूर्ण, मौलिक आवश्यकता है।

उन्होंने व्लादिमीर पुतिन और उत्तर कोरिया के साथ डोनाल्ड ट्रंप के संबंधों को गर्म करने पर अपनी नाराजगी व्यक्त की है, उन्होंने कहा कि इससे गठबंधन को एक साथ रखने में अस्थिरता आती है।

अपने साक्षात्कार में, उन्होंने कहा, हमने हमेशा कहा है कि हम क्षेत्र में अपने सहयोगियों, अमेरिकी सैनिकों की रक्षा करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं, और ईरान के लिए इसके परिणाम होंगे।

वहीं एक समाचार वेबसाइट की तरफ से किए गए एक सर्वेक्षण में पाया गया कि 39 प्रतिशत अमेरिकी लोग भावी उपराष्ट्रपति के रूप में वाल्ज के बारे में अनुकूल छवि रखते हैं।

# कराची के जिन्ना हवाई अड्डे के पास जबरदस्त धमाका

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के कराची में जिन्ना इंटरनेशनल हवाईअड्डे के पास देर रात एक बड़ा विस्फोट हुआ।



इस धमाके में तीन विदेशी नागरिकों की मौत हुई है। वहीं 17 से अधिक लोग घायल हुए हैं। बताया जा रहा है मारे जाने वालों में दो चीनी नागरिक हैं। बलूचिस्तान नेशनल आर्मी ने ली जिम्मेदारी चीनी दूतावास ने बताया कि घटना स्थानीय समयानुसार 11 बजे हुई। यहां जिन्ना अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के बाहर एक टैंकर में विस्फोट हुआ। विस्फोट सिंध प्रांत में बिजली परियोजना में काम कर रहे चीनी इंजीनियरों के काफिले को निशाना बनाकर किया गया था।

# हिजबुल्ला ने इस्राइल के कई शहरों पर दागे रॉकेट, 10 घायल; आई डी एफ गाजा और लेबनान पर गिराए बम

**येरुशलम ।** हिजबुल्ला ने इस्राइल के तीसरे सबसे बड़े शहर हाइफा पर रॉकेट हमले किए, जिसमें 10 लोग घायल हो गए। हिजबुल्ला के मुताबिक, उसने हाइफा के दक्षिण में स्थित एक सैन्य ठिकाने को निशाना बनाया, जिसके लिए उसने 'फादी 1' मिसाइलों का इस्तेमाल किया। इससे पहले, इस्राइल ने रविवार को उत्तरी गाजा और दक्षिणी लेबनान में हवाई हमला किया। फलस्तीनी



अधिकारियों के मुताबिक, एक मस्जिद पर मिसाइल हमले में कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई और 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए।

इस्राइली सेना ने सोमवार तड़के कहा कि हिजबुल्ला द्वारा दागे गए रॉकेट में से दो हाइफा पर और पांच तिबेरियास पर गिरे, जो हाइफा से 65 किलोमीटर दूर है। इस्राइली सेना के मुताबिक, हिजबुल्ला के रॉकेट हमलों से कुछ इमारत और संपत्तियां क्षतिग्रस्त हुई हैं और कई लोगों को मामूली चोटें आई हैं। निगरानी कैमरे द्वारा लिए गए वीडियो में उस क्षण को दिखाया गया, जब हिजबुल्ला ने हाइफा पर रॉकेट हमला किया।

इस्राइली सेना ने कहा कि उसने बेरूत में हिजबुल्ला के इंटेलिजेंस हेडक्वार्टर पर हवाई हमले किए, जिसमें इंटेलिजेंस इकाइयों, कमांड सेंटर और अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर साइट्स शामिल हैं।

एबीसी न्यूज के मुताबिक, हमले के बारे में और विस्तार से बताते हुए आईडीएफ ने कहा कि जिन अन्य क्षेत्रों पर हमला किया गया, उनमें दक्षिणी लेबनान और बेका शामिल हैं, जिनमें 'हथियार भंडारण सुविधाएं, आतंकी बुनियादी ढांचा स्थल, एक कमांड सेंटर और एक लॉन्चर शामिल हैं। इस्राइली सेना ने कहा कि हिजबुल्लाह ने अपने कमांड सेंटर और हथियारों को बेरूत शहर के मध्य में आवासीय इमारतों के नीचे रखा है, जिससे नागरिक आबादी को खतरा है इस्राइली हवाई हमले में उत्तरी गाजा-दक्षिणी लेबनान में 19 की



मौत इससे पहले, इस्राइल ने रविवार को उत्तरी गाजा और दक्षिणी लेबनान में हमला तेज कर दिया है। फलस्तीनी अधिकारियों ने बताया कि एक मस्जिद पर हमले में कम से कम 19 लोग मारे गए हैं। 50 से ज्यादा लोगों के घायल होने की खबर है

वहीं, इस्राइल ने दक्षिण लेबनान और बेरूत में भी हमले किए। दक्षिण लेबनान में इस्राइली सेना ने हिजबुल्ला के ठिकानों पर 150 से ज्यादा मिसाइल दागीं। हमले में हिजबुल्ला के एक कमांडर की मौत की जानकारी है। लेबनानी स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, इस्राइल के हमले से पिछले दो हफ्तों में 1400 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं।

# बेरूत में हवाई हमले, इस्राइली शहर पर भी दागी गईं मिसाइलें

**यरुशलम ।** इस्राइल पर हमास के मिसाइल हमलों के आज एक साल पूरे हो गए। इस बीच इस्राइल और हिजबुल्ला के बीच संघर्ष और तेज हो गया। दोनों के बीच जमकर गोलीबारी और मिसाइल हमले हो रहे हैं। गाजा में भी जंग जारी है। इससे मध्य पूर्व (पश्चिम एशिया) में तनाव और बढ़ गया। आइए 10 बिंदुओं में जानते हैं इलाके के हालात...

लेबनान में हिजबुल्ला के खिलाफ अपने अभियान के तहत इस्राइल ने रविवार को बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में हवाई हमले जारी रखे। यह ईरान समर्थित हिजबुल्ला का गढ़ है।

इस्राइली सेना ने बताया कि उसने बेरूत में हिजबुल्ला के ठिकानों और हथियार भंडारण सुविधाओं पर हमला किया। इस्राइली युद्धक विमानों ने बेरूत में हिजबुल्ला के खुफिया मुख्यालय से जुड़े ठिकानों को भी निशाना बनाया।

हिजबुल्ला ने कहा कि उसने इस्राइल के तीसरे सबसे बड़े शहर हाइफा के दक्षिण में एक सैन्य अड्डे पर



'फादी 1' मिसाइलों से हमला किया। इस्राइली मीडिया के मुताबिक, देश के उत्तर में 10 लोग घायल हुए हैं।

गाजा पट्टी में रविवार को एक मस्जिद और विस्थापित लोगों को आश्रय देने वाले एक स्कूल पर हुए इस्राइली हवाई हमलों में कम से कम 26 लोग मारे गए। इस्राइल ने दावा किया कि उसने हमास आतंकियों पर सटीक हमले किए हैं।

इस्राइल और हिजबुल्ला के बीच लेबनानी सीमा पर लड़ाई तब शुरू हुई थी, जब गाजा में युद्ध शुरू हुआ था। हिजबुल्ला के सहयोगियों में से एक हमास ने पिछले साल 7 अक्तूबर को इस्राइली शहरों पर हमला किया था।

हमास के लड़ाकों ने लगभग 1,200 लोगों को मार डाला और 250 से अधिक लोगों को बंधक बना लिया। तब से इस्राइल की जवाबी कार्रवाई में 41,000 से अधिक लोग मारे गए।

लेबनान में लगभग एक साल की लड़ाई में 2,000 से अधिक लोग मारे गए।

इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को हर हाल में जीत हासिल करने की कसम खाई और कहा कि उनके देश की सेना ने हमास के 7 अक्तूबर के हमले के बाद से एक साल में वास्तविकता को पूरी तरह से बदल दिया है।

नेतन्याहू ने सैनिकों से कहा कि इस्राइलल गाजा पट्टी और लेबनान में लड़ेगा और जीतेगा।

तेल अवीव अपने क्षेत्रीय दुश्मन ईरान पर भी हमला कर सकता है। दरअसल, ईरान ने हिजबुल्ला चीफ सैयद हसन नसरल्लाह और हमास प्रमुख इस्माइल हानिया की मौत के जवाब में इस्राइल पर 180 से अधिक मिसाइलें दागी थीं।

# कनाडा में वेटर की नौकरी के लिए कतार में दिखे हजारों भारतीय छात्र

## डराने वाले वायरल वीडियो से बढ़ी चिंता

**नई दिल्ली ।** सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना वीडियो हालांकि इस वायरल वीडियो की प्रामाणिकता की



पुष्टि नहीं की जा सकी है, लेकिन ऑनलाइन इसे लेकर खूब चर्चा की जा रही है। कुछ लोगों ने आर्थिक अनिश्चितता के बीच विदेश जाने के समय के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की। एक इंटरनेट यूजर ने कहा, लोगों को यह समझने की जरूरत है कि मंदी के दौर में विदेश जाने का यह सही समय नहीं है।

वहीं अन्य लोगों ने छात्रों का बचाव करते हुए कहा कि कई अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए पार्ट टाइम काम करना एक आम बात है। जबकि एक यूजर ने लिखा की, ईमानदारी से कहूं तो, अगर वे छात्र हैं ।

# इस्राइल-हमास जंग के बीच बच्चों को दुनिया में लाने वाली माताओं का दर्द



**गाजा ।** इस्राइल-हमास युद्ध की वजह से फलस्तीन का गाजा शहर मलबों के ढेर में तब्दील हो गया है। पिछले एक साल से जारी जंग फिलहाल थमी नहीं है। हमास हमले की बरसी पर गाजा में शिविर में रह रहीं माताओं ने अपना दुख साझा किया। एक मां ने अपनी एक महीने की बेटी को बाहों में उठाकर खुद को एक अपराधी माना।

महिला ने नन्हीं सी जान को युद्ध और पीड़ा से भरी दुनिया में लाने के लिए महसूस किए गए अपने अपराध के बारे में बताया।

### 'मेरे और बच्चे दोनों के लिए गलत'

मध्य गाजा पट्टी के डेर अल-बलाह में स्थित एक शिविर में रह रहीं राणा सलाह ने कहा, 'अगर गर्भवती होना मेरे हाथ में होता तो मैं युद्ध के दौरान नहीं होती। न ही बच्ची मिलाना को जन्म देती। आज जीवन पहले से काफी अलग है। ऐसे हम कभी नहीं रहे। मैं पहले भी दो बार मां बन चुकी हूं। तब जीवन मेरे और बच्चे के लिए अच्छा, आसान और अलग था। अब मुझे लगता है कि मैंने खुद और बच्चे दोनों के लिए गलत किया है क्योंकि हम इससे बेहतर जीने के लायक हैं।'

### सीजेरियन से पैदा हुई बच्ची

राणा की हालत बिगड़ने के कारण उसे शिविर के अस्पताल में ही भर्ती कराया गया था। यहां सीजेरियन से बच्ची का जन्म हुआ। जंग के कारण परिवार अपने घर नहीं लौट पा रहा है। इसके बजाय वह एक शिविर से दूसरे शिविर में रहने को मजबूर हैं। बता दें, यूनीसेफ के आंकड़ों की माने तो मिलाना पिछले साल गाजा में पैदा हुए करीब 20,000 बच्चों में से एक है।

हमास ने बीते साल सात अक्तूबर को इस्राइल पर हमला कर दिया था। इस आतंकवादी हमले में 12 सौ लोग मारे गए थे और लगभग ढाई सौ लोगों को बंधक बनाया गया था। इसके बाद इस्राइल ने जवाबी कार्रवाई की, जो अभी भी जारी है। अब तक फलस्तीन में 40 हजार लोगों की मौत हो चुकी है। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, गाजा के 23 करोड़ निवासियों में से अधिकांश विस्थापित हो गए हैं। मां राणा ने कहा कि बच्ची की त्वचा के लिए इतनी गर्मी सही नहीं है। हम अपने घर लौटने के बजाय एक से दूसरे शिविर में जाते रहते हैं। यहां बीमारियां व्यापक हैं और पानी दूषित है।





### एक और मां का छलका दर्द

मनार अबू जराद संयुक्त राष्ट्र फलस्तीनी शरणार्थी एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) द्वारा संचालित एक स्कूल आश्रय में रह रही हैं। उनकी सबसे छोटी बेटी सहर का जन्म चार सितंबर को हुआ था, वह भी सीजेरियन सेक्शन से ही। उनके पति की जंग में जान चली गई थी। जब उन्हें पता चला था कि उन्हें बेटी को इस दुनिया में लाने के लिए सीजेरियन करवाना पड़ेगा तो वह अपने अन्य बच्चों की देखभाल को लेकर परेशान थीं।



जराद ने कहा, 'मेरी पहले से ही तीन बेटिया हैं।

यह सोचकर मैंने चिल्लाना शुरू किया। मोटे पेट को लेकर सबकुछ कैसे संभालू? मैं अपनी बेटियों को कैसे नहलाऊं? मैं उनकी मदद कैसे कर पाऊंगी। मेरे पति इस जंग में चल बसे।'

उन्होंने कहा, 'मैं इस स्थिति में पहुंच गई हूं कि मैं इस बच्ची की जिम्मेदारी नहीं उठा सकती।

भगवान का शुक्र है कि मुझे यहां मदद मिल गई।' इतना ही नहीं उन्होंने परिवार से उधार लिया, जितना ले सकती थीं। बच्ची के लिए एक दिन में एक डायपर इस्तेमाल करती हैं क्योंकि वह इससे ज्यादा डायपर नहीं खरीद सकतीं। 'अगर हमारे हाथ में होता...', इस्राइल-हमास जंग के बीच बच्चों को दुनिया में लाने वाली माताओं का दर्द ।

# सभी संगठन व्यापारी के उत्पीड़न के खिलाफ गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के साथ :अतुल जैन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 4 अक्टूबर 2024 को राज्य कर विभाग के सचल दल के असिस्टेंट कमिश्नर अंतरिक्ष श्रीवास्तव के द्वारा अरिहंत आयरन एंड स्टील इंडस्टरीज की गाड़ी को मोहन नगर चेक पोस्ट पर ले जाने के बाद उत्पन्न घटनाक्रम और व्यापारी के साथ दुर्व्यवहार करने के बाद व्यापारी द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया था। गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष डॉ.अतुल कुमार जैन और प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों के निवेदन पर जॉइंट कमिश्नर विशाल पुंडीर के हस्तक्षेप के बाद वह गाड़ी छोड़ी गई थी। वजन ज्यादा का हवाला देकर कुछ नाम मात्र की पेनल्टी जमा कराई गई थी। असिस्टेंट कमिश्नर सचल दल के अंतरिक्ष श्रीवास्तव के बर्ताव से व्यथित होकर व्यापारी अक्षय जैन ने उन्हीं के कार्यालय में मजबूरन अपने वस्त्र उतार कर अपना विरोध दर्ज कराया था।

अतुल जैन ने 4 अक्टूबर 2024 से आज तक के संपूर्ण घटनाक्रम से एडिशनल कमिश्नर दिनेश कुमार मिश्रा को एडिशनल कमिश्नर ओ पी तिवारी और अन्य जीएसटी अधिकारियों की उपस्थिति में अवगत कराया। सभी बातों के उन्होंने ध्यान से सुनकर वरिष्ठ अधिकारियों से वार्ता करके निर्णय लेने का आश्वासन दिया है। ज्ञापन देने वालों में डॉ. अतुल कुमार जैन के साथ गोपीचंद, तिलक राज अरोड़ा, अंबरीश जैन, अरुण शर्मा, संदीप बंसल, राजदेव त्यागी, इंद्र मोहन कुमार, सुबोध गुप्ता, राजकुमार अग्रवाल, राजीव मंगल,अनुराग अग्रवाल, सतीश बंसल, अनुपम अग्रवाल,मुकेश कुमार, सुनील जैन, मुकेश मित्तल, अक्षय जैन रवि जैन गिरीश मेहंदीरता,सत्य भूषण अग्रवाल,अनूप गोयल, सुदीप जैन,संदीप इत्यादि के साथ काफी संख्या में व्यापारी और उद्यमी उपस्थित रहे।



# आईजीएल गैस पाइपलाइन फटने पर सिविल डिफेंस वार्डनो ने बचाव किया

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रविवार को देर रात मकान नंबर 645, ब्लॉक ए, ग्राउंड फ्लोर, प्रताप विहार, सेक्टर 11, गाजियाबाद पर आईजीएल गैस की लाइन फट जाने के कारण गैस रिसाव तेजी से होने लगा। गैस की दुर्गंध दूर-दूर तक फैलने लगी तभी वहां से सैक्टर वार्डन विनोद रावत रामलीला से ड्यूटी कर कर निकल रहे थे। उन्होंने जब यह देखा तो तत्काल ही अपने सीनियर अधिकारी प्रभारी डिप्टी डिवीजन वार्डन रवि अग्रवाल को सूचित किया।





मौके पर पहुंच स्थिति को देखते हुए फोन करके प्रभारी पोस्ट वार्डन विनोद वर्मा को बुलाया। सूचना के मिलते ही रवि अग्रवाल और विनोद वर्मा दौड़ते हुए आग बुझाने वाला सिलेंडर को लेकर मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत अपने साथियों के साथ रोड को ब्लॉक किया स्थानीय नागरिक को कोई घेराबंदी कर घटना स्थल को सुरक्षित बनाया।ए ब्लॉक के 24 मकान रहने वाले व्यक्तियों को घटना की स्थिति बात कर तुरंत खाली कराया गया और तुरंत आईजीएल की इमरजेंसी हेल्पलाइन और पर कॉल किया। उनको स्थिति से अवगत कराया।इसके साथ ही बिजली विभाग को सूचना देकर बिजली को बंद करवाई।इसी दौरान आईजीएल की टीम मौके पर पहुंच गई और गैस लीकेज किसको बंद किया और अप्रिय घटना होते-होते बच गई।रात्रि 1:00 बजे तक सब ठीक कर दिया गया और सभी परिवारों को सुरक्षित उनके घरों में जाने के लिए कह दिया और 24 परिवारों की जान बचाई जा सकी।




- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** एलीफेंट वाला टिकट ऐसे ही नही आया है गर्ग साहब के पास? इस टिकट की सिफारिश में कोई बीएसपी नेता नही है निकट? सीन में बड़ी भूमिका निभाई है भईया जी की सिफारिश ने? परमानंद जी भी जानते हैं कितना है इस बात में आनंद? गाजियाबाद वाले भईया जी का नही है सियासत में कोई खास इंटरेस्ट? मगर नीली सियासत में वो रखते हैं पॉवर फुल पकड़?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** बीएसपी के संस्थापक मान्यवर कांशीराम जी की पुण्य तिथि पर कितना जोर दिखा पाएंगे साइकिल से उतर कर हाथी पर सवार हुए उम्मीदवार? सुना है गाजियाबाद के संगठन महावतों के होंगे 9 अक्टूबर को नोएडा में दीदार? क्या शहर विधानसभा वाले भी चले जायेंगे नोएडा या दिखेगा विजय नगर में जलवा? कहने वाले ने कहा कुछ तो जाना चाहिए नीली बस्तियों में चुनावी संदेश? यहीं से तो बनाएगा हाथी अपना बेस? देखते हैं कि वो रहेंगे सिर्फ टिकट वाले फेस या दे पाएंगे कोई संदेश?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** कांग्रेस कर रही है धीरे धीरे संविधान की रक्षा सुरक्षा की भूमिका तैयार? 19 अक्टूबर को वो 10 की 10 विधान सभा उप चुनाव सीटों पर करेगी संविधान संकल्प सम्मेलन? यहां से वो करेगी अपने पक्ष में दलित यूथ इमोशन? क्या भगवा गढ़ में वो कर पाएगी इस लाइन पर काम? या फूल पॉलिटिक्स लगा देगी उसके मंसूबों पर विराम? क्या हाथी वालों के पास भी है कोई ऐसा चुनावी प्लान?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार वाले पार्षद पति अब नही बताते हैं खुद को पार्षद पति? अब वो अपनी जनप्रतिनिधि पत्नी के हो गए हैं प्रतिनिधि? सांसद विधायक के बाद मार्केट में आ गए हैं पार्षद प्रतिनिधि? कहने वाले ने कहा कि नदिया पार से लेकर लाइन पार तक चल रहा है ये सीन? किसी ने टोका नही है किसी ने रोका नहीं है मगर ये नया इंटोडक्शन लग रहा है लेडी पार्षदों के हसबैंड को ठीक?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के वार्ड में फूटा एक ऐसा भी उद्घाटन का कोकोनट? जिसमे फोटो फ्रेम से ही बाहर है वार्ड की महिला पार्षद? एक दिन बल्कि 2 सड़को का हुआ उद्घाटन? पार्षद रहीं घर में ओर हुए पार्षद पति के दर्शन?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के युवा जाट नेता ने कर दिए पूरे सियासी ठाठ? कमल वाले चौधरी साहब ने कर दिया होर्डिंग पॉवर में कमाल? बिरादरी के सम्मेलन में छाया रहा उनका ही जलवा जलाल? कहने वाले ने कहा मिले तो सही उन्हे कोई ठीक सी जिम्मेदारी? वो दिखा देंगे कैसे खेली जाती है प्रचार की धुंआधार पारी?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के एक यूथ नेता नही दिख रहे हैं पॉलिटिकल पिच पर बिलकुल मजबूत? वो यूथ नेता हैं मंडल के और उनके पास है प्रधान वाला पद? सुना है स्लीपिंग मोड की पार कर दी है उन्होंने सारी हद? नही होते हैं पार्टी के किसी प्रदर्शन में भी उनके दर्शन? मंडल वाले ठाकुर साहब का बहुत फीका रहा है सदस्यता अभियान में भी योगदान?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भौपुरा में भी होना है वार्ड वाला उप चुनाव? क्या यहां कमल वाले रवि पर खेल सकती है भाजपा दांव? सुना है यहां कई भगवा दलित चेहरे कर रहे हैं दावेदारी? क्या खेलेगा यहां से कोई अलग ही चेहरा चुनावी पारी?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** निगम की बोर्ड मीटिंग में उठेगा दिवाली पर अंधेरे का सवाल? आप देख लेना जब होगा मेंबर खेमे की तरफ से इस बात पर बवाल? सुना है पिछली दिवाली पर भी कई वार्ड में रहा था यही हाल? मेंबर चाहते हैं इस बार हो दिवाली पर उनके वार्ड में निगम की रोशनी से उजाला?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हाथ वालों का एक मेंबर मिला कर चलता है हर मामले में फूल वालों से हाथ? वो बन जाता है व्यापार मंडल का नेता जब आती है कोई ऐसी बात? कहने वाले ने कहा कि वो चुनाव जीतने के बाद भी सबसे पहले लेने पहुंचा था भगवा नागर जी से आशीर्वाद? गूंज रहा है उसके वार्ड में कपड़े की ठेली वाले से उगाही का किस्सा? सुना है उसने मांग लिया है ठेली पटरी वालों से कोई हिस्सा?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# डॉ. अनिल तोमर बने यूपी पैरालंपिक के प्रवक्ता



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक व स्पोर्ट्स विशेषज्ञ डॉ. अनिल तोमर को यूपी पैरालंपिक का प्रदेश प्रवक्ता बनाया गया है। इस संबंध मे यूपी पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कविंदर चौधरी ने एक नियुक्ति पत्र जारी कर यह जानकारी मीडिया को दी। यूपी पैरालंपिक के अध्यक्ष कविंदर चौधरी ने कहा कि हमें डॉ. अनिल तोमर को प्रवक्ता बनाने पर खुशी हो रही है। उनकी नियुक्ति पेरिस 2024 पैरालंपिक में यूपी को छह पदक मिलने के प्रयास को और आगे ले जाने की दिशा में एक प्रयास है। ज्ञात रहे कि डॉ. अनिल तोमर गाजियाबाद ही नहीं प्रदेश के नामी चिकित्सक के साथ सामाजिक हस्ती हैं। डॉ. तोमर स्पोर्ट्स पर्सन होने के साथ उनकी कई खेलों में विशेषज्ञता भी है। उन्होंने सामाजिक क्षेत्र में राष्ट्र व्यापी पल्स पोलियो अभियान में अहम योगदान देने के लिए याद किया जाता है। वर्तमान में डॉ. अनिल तोमर नवीन अस्पताल समूह के मेडिकल डायरेक्टर हैं। इससे पहले वे संतोष मेडिकल कालेज के निदेशक के रूप में अपनी सेवा प्रदान कर चुके हैं।

# रघुकुल रीत सदा चली आयी, प्राण जायी पर बचन न जायी





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** श्री धार्मिक रामलीला समिति कविनगर द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव 2024 के अर्न्तगत आयोजन के 10वें दिन रामभक्तों का अपार जनसमूह मंचन देखने के एवं मेले का आनन्द लेने हेतु रामलीला मैदान, कविनगर में उपस्थित हुआ। सम्पूर्ण रामायण का मंचन जनमानस को रामलीला देखने के लिए आकर्षित कर रहा है। जैसे-जैसे महोत्सव आगे बढ़ रहा है वैसे-वैसे ही मंचन देखने वाले भारी संख्या में रामलीला मैदान पहुंच रहे हैं। समिति द्वारा बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शकों के बैठने की व्यवस्था की गयी है। इंडियन रिवाईवल ग्रुप, दिल्ली के कलाकारों के द्वारा नई शैली जिसके अर्न्तगत केवल तीन घंटे में सम्पूर्ण रामायण का मंचन किया जा रहा है सभी को अत्यधिक पसंद आ रहा है। रामलीला मंचन के साथ-साथ समिति द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी सभी के आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। लम्बी-लम्बी कतारों में लोग अपनी बारी की प्रतीक्षा करते नजर आ रहे हैं। मंचन प्रारम्भ होने से पूर्व बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मेला परिसर में आज नगर वासियों ने घरेलू उपयोग की वस्तुओं की जमकर खरीदारी की। राजस्थानी खाने और दिल्ली के मशहूर छोले भठूरे के स्टॉलों पर भारी भीड़ नजर आ रही है। मेले में आये लोग ज्ञानी आईसक्रीम और कूड़ेमल की कुल्फी का लुत्फ उठा रहे हैं। मेले में स्थापित सुनामी झूला एवं डायनासोर युवाओं की पहली पसन्द है। समिति के अध्यक्ष ललित जायसवाल, महामंत्री भूपेन्द्र चोपड़ा ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर मंत्री गुलशन बजाज, अजय जैन, प्रशान्त चोपड़ा, अवनीश गर्ग, विवेक मित्तल, तरूण चौटानी, दिव्यांशु सिंघल, अमरपाल सिंह, नवेन्दु सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

## बैठक



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सोमवार को अग्रसेन भवन के सामने ब्राहम्ण समाज परिचय सम्मेलन के कार्यालय में आयोजन समिति की कार्यकारी की बैठक हुई, जिसमें परिचय सम्मेलन को भव्य बनाने के लिए समिति ने कुछ निर्णय लिए सभा में उपस्थित रहे। इस मौके पर गौर जी, पं० जयनंद शर्मा, जिला अध्यक्ष ब्राह्मण महासभा, पं० सुभाष चंद्र शर्मा, महानगर अध्यक्ष ब्राह्मण महासभा कार्यक्रम पं० आदेश शर्मा, पंडित नरेंद्र कुमार शर्मा, कार्यालय प्रभारी पंडित प्रेमचंद शर्मा, पं० अमित भारद्वाज उपस्थित रहे।

## पार्षद प्रतिनिधि कालीचरण पहलवान ने किया विकास कार्य का उद्घाटन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** जवाहर पार्क वार्ड 82 में भाजपा पार्षद किरण देवी ने लोगो की मांग को देखते हुए 20 लाख की लागत से 2 गलियों का निर्माण कार्य की शुरूआत की और नारियल तोड़कर कर पार्षद प्रतिनिधि कालीचरण पहलवान ने उद्घघाटन किया। जवाहर पार्क वार्ड 82 में पार्षद किरन देवी ने लोगो की परेशानी को देखते हुए 2 गलियां एक शिव मंदिर से हरी प्रधान के घर तक आर सीसी और नाली का निर्माण दूसरी लवदीप पाल के घर से जूस वाले तक आरसीसी की रोड और नाली का निर्माण नगर निगम से जिसकी लागत 20 लाख रुपये से करा रही हैं। कालीचरण पहलवान ने बताया कि दोनों गलियों के बन जाने से सैकड़ों परिवार को फायदा होगा। वही प्रतिदिन इस गली से लाखों लोग दिल्ली डियूटी के लिए आते जाते हैं और दिल्ली के स्कूलों में पढ़ने वालों को फायदा होगा। इस मौके पर भोपाल सिंह यादव, महेंद्र चौधरी, रघुनाथ यादव, बृजराज चौधरी, हरि प्रधान, छोटू चौधरी, बनवारी, धान सिंह, मुकेश ठाकुर, रोहित राघव, मुन्नी देवी, क्रांति, सुनील शर्मा, रघुराज चौधरी आदि लोग रहे मौजूद।

# रामायण कला संगम समिति रामलीला में भरत मिलाप के साथ सूर्पनखा की कटी नाक





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** लाजपत नगर में रामलीला मैदान शनि चौक पर चल रही रामलीला के दौरान सुग्रीव मित्रता, बाली वध और सीता खोज की मनोहारी कहानियाँ दर्शकों को भाती रहीं। रामायण कला संगम समिति के द्वारा लाजपत नगर की रामलीला में राम-भरत मिलाप लीला का मंचन किया बाद में भरत राम की चरण पादुका ले कर अयोध्या चले जाते है। उसके बाद रामलीला में राम से मिलाप करने के बाद भरत उनकी खडाऊ सिर पर रखकर अयोध्या लौट आते हैं। इसके बाद पंचवटी में रावण की बहन सूर्पनखा राम पर मोहित हो जाती है। वह राम से शादी करने के लिए कहती है। जहां लक्ष्मण द्वारा सूर्पनखा की नाक काट दी जाती है। रामलीला में सुग्रीव मित्रता, बाली वध और सीता खोज का मनोहारी मंचन किया गया। अध्यक्ष बिक्रम सिंह बैसला ने बताया कि इस बार बाला जी मंदिर के निराधार शर्मा, रावण का रोल कर रहे है, जिससे लाजपत नगर की जनता उनका रावण का किरदार देखने के लिए उत्साहित हो रही है। लाजपत नगर की ऐतिहासिक रामलीला में कलाकारों ने सभी का मन हो रखा है सभी के सहयोग से रामलीला का बहुत ही सुंदर मंचन कलाकारों द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर महासचिव अशोक चौधरी, देवेंद्र त्यागी, नीतू चौधरी, पुष्कर गुप्ता,के के सिंह, मीडिया प्रभारी मोहित शर्मा, अनिल सिरोही, मास्टर बिजेंद्र सिंह, शालिक राम , आशीष पंडित, विकास यादव, मोनू चौधरी, सुरेश कसाना, शैलेंद्र पाल, रोहित गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# डम्पिग ग्राउंड के विरोध में चल रहा क्रमिक अनशन रहेगा जारी





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** क्रमिक अनशन के पांचवें दिन अनशन पर रहने वाले समिति सचिव सलेक भइया, निरन्जन त्यागी, महेश त्यागी, आर्य राजेन्द्र त्यागी, एवं महेश कुमार उपस्थित रहे। जिला आर्य प्रतिनिधि सभा गाजियाबाद के प्रधान तेजपाल आर्य एवं बृजपाल सिंह, विजयपाल कसाना, मनोज त्यागी, सुरेन्द्र त्यागी ने माला पहनाकर अनशन पर बैठाया।

शाम को ग्राम प्रधान संगठन के ज़िला अध्यक्ष चौधरी रणबीर प्रधान एवं जगमोहन प्रधान, कृष्ण देव आर्य प्रधान, आकाश प्रधान, सुरेश प्रधान एवं समिति उपाध्यक्ष प्रवीण मुखिया ने जूस पिलाकर अनशन से उठाया। आगे के धरने पर मास्टर बृजपाल सिंह निमेष, संजय बी डी सी, रणधीर पहलवान, बीरसिह बिधूड़ी, रुपचंद निमेष, जोगेन्दर नागर, छत्रपाल सिंह,जोनी त्यागी,अमरीश चौधरी, हरबीर,राजू त्यागी, सुबोध त्यागी प्रधान,पवन त्यागी (बन्दीपुर) उत्तम त्यागी,रंगी बैसला, मोहित नागर मथुरापुर, सूरजमुनी त्यागी, अतुल शर्मा आदि रहे। आमरण अनशन एवं धरने पर महिला एवं बच्चे ही रहेंगे। धरने की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष चौधरी आजाद प्रमुख एवं संचालन कृष्ण देव आर्य प्रधान ने किया। धरने में ये निर्णय लिये गये कि पांच दिन से चल रहा क्रमिक अनशन अनवरत रूप से जारी रहेगा।

जन जागरण अभियान के अन्तर्गत नुक्कड़ सभाओं का दौर भी जारी रहेगा जिसके लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन किया गया। आमरण अनशन की तिथि नौ अक्टूबर की बैठक के बाद किया जायेगा। साथ ही धरना स्थल के पास निकलने वाले कूड़े के वाहनों से यदि धूल उड़ती है अर्थात पानी का छिड़काव नहीं किया जाता तो कूड़े के वाहनों को रोक दिया जायेगा। इस समीक्षा बैठक में एडवोकेट बी सी बन्सल, रणबीर प्रधान, बृजपाल सिंह निमेष, मिन्टू प्रधान भिक्कनपुर, नितिन नेता, सतीश प्रधान,के.के. त्यागी, सम्मी त्यागी,दक्ष नागर, रणधीर पहलवान, सीता राम शर्मा, शिवराज सिंह भादौली, मन्तराम नागर, आकाश प्रधान, बूटन त्यागी, योगराज त्यागी, सुनिल कसाना ने भी अपने विचार व्यक्त किये। अध्यक्ष चौधरी आजाद प्रमुख ने सात बजे समीक्षा बैठक की समाप्ति की घोषणा की।

# ट्रैफिक पुलिस ने घंटाघर सड़क पर बंट कट को खुलवाया



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** ट्रैफिक पुलिस द्वारा घंटाघर सड़क पर सभी कट बंद कर दिए गए थे और बजरिया घंटाघर गोल मार्केट के व्यापारी काफी परेशान थे। सोमवार इस समस्या को लेकर व्यापार मंडल के व्यापारियों का एक दल सांसद अतुल गर्ग, एवं महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा से मुलाकात करके अपनी समस्याओं से अवगत करवाया। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए लोकसभा सांसद और महानगर अध्यक्ष ने डीसीपी ट्रैफिक से बात की और व्यापारियों की समस्या का समाधान करके कट खुलवा दिया है। सभी व्यापारी उनका धन्यवाद करते हैं। मौके पर आकर सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल ने निरीक्षण किया। साथ में तरवीन्द बत्रा, अध्यक्ष दीपक शर्मा, महामंत्री अजय कालरा, मधु सिंह, सौरभ त्यागी, विक्की चकवाल, निखिल खन्ना, विपिन गर्ग, नवीन अरोड़ा, राकेश बवेजा, उदयवीर अरोड़ा और राजू छाबड़ा उपस्थित रहे।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

Sanjeev Gupta Fan Club is with Upendra Pratap Singh Shishodia and 13 others.
1d ·

आज अपने पैतृक गाँव सपनावत के पास गाँव समाना में स्थित गौशाला के अतिरिक्त शैड हेतु भूमि पूजन में भाई राजीव गुप्ता जी, प्रदीप गुप्ता जी विकास गुप्ता जी के साथ रहना हुआ। छोटे भाई भानु शिशोदिया जी के द्वारा निमंत्रण देने के लिए धन्यवाद। इस गौशाला में सैकड़ों गौमाता की सेवा वहुत अच्छे तरीके से होतें हुए देखकर मन बहुत प्रसन्न हुआ। जय गऊ माता की।



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** समरकूल चैयरमैन संजीव गुप्ता हमेशा से धार्मिक आयोजनों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हैं। गौशाला के पूजन समारोह में वो अपने भाइयों के साथ पहुंचे। निमंत्रण के लिए आभार व्यक्त किया। संजीव गुप्ता की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।